yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
# यश भारत
नये जमाने के साथ..
● वर्ष- 17 अंक 156- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 7 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष 3 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

## आज का मौसम
आज सुबह का तापमान
27 डिग्री
दोपहर 12 बजे तक
30 डिग्री
बारिश के आसार

## ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कसीनो खेलना पड़ेगा महंगा, 28 फीसदी GST की बनी सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कसीनो पर मंत्री समूह 28 प्रतिशत की दर से त्नस्स्ञ लगाने पर सहमत है। ऐसे में 11 जुलाई को होने वाली त्नस्स्ञ काउंसिल की बैठक में इस पर कोई फैसला लिया जा सकता है। हालांकि, ऑनलाइन गेमिंग पर टैक्स की दर को लेकर गोवा असहमत है। गोवा ने इस पर 18 प्रतिशत का टैक्स लगाने का सुझाव दिया है। एक सीनियर अफसर के अनुसार त्नस्स्ञ काउंसिल की बैठक में इस बात पर भी चर्चा होगी।

# मोदी सरनेम केस-राहुल की 2 साल की सजा बरकरार

## गुजरात हाईकोर्ट ने सूरत कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका खारिज की

■ अहमदाबाद, एजेंसी।

मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी की दो साल की सजा बरकरार रहेगी। गुजरात हाईकोर्ट ने उनकी रिव्यू पिटीशन को खारिज कर दिया है। 23 मार्च 2023 को सूरत की सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, इस फैसले के 27 मिनट बाद उन्हें जमानत मिल गई थी। इसके अगले दिन 24 मार्च को दोपहर 2:30 बजे उनकी सांसदी चली गई थी। राहुल ने सूरत कोर्ट में फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए रिव्यू पिटीशन दाखिल की थी, लेकिन कोर्ट ने उस पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इसके बाद राहुल गांधी ने 25 अप्रैल को गुजरात हाईकोर्ट में रिव्यू पिटीशन लगाई थी। इसके बाद 2 मई को हाईकोर्ट ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।राहुल के वकील बाबूभाई मांगुकिया ने फैसले से पहले कहा था कि अगर हाईकोर्ट सजा पर रोक लगाता है, तो हम



सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। राहुल गांधी ने सिर्फ मोदी की बात की थी, किसी समाज की बात नहीं की थी। हमने सजा रद्द करने की बात की है। पिछली सुनवाई में राहुल गांधी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वकील अभिषेक मनु संघवी ने दलील दी थी। इस बार भी वे ही पैरवी कर सकते हैं। हालांकि, उनके आधिकारिक वकील पंकज चंपानेरी हैं।याचिकाकर्ता पूर्णेश मोदी के वकील हर्षित टोलिया हैं। गुजरात कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल वकील बनकर कोर्ट रूम में पहुंच ।

### मोदी सरनेम मामला क्या है

राहुल गांधी ने 2019 में कर्नाटक की सभा में मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। इसके बाद गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल के खिलाफ मानहानि का केस किया था।

### राहुल गांधी की सांसदी क्यों गई

राहुल की संसद सदस्यता 24 मार्च को दोपहर करीब 2.30 बजे रद्द कर दी गई। वह केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। लोकसभा सचिवालय ने पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी थी। लोकसभा की वेबसाइट से भी राहुल का नाम हटा दिया गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 11 जुलाई 2013 को अपने फैसले में कहा था कि कोई भी सांसद या विधायक निचली अदालत में दोषी करार दिए जाने की तारीख से ही संसद या विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित हो जाएगा। कोर्ट ने लिली थॉमस बनाम भारत सरकार के केस में यह आदेश दिया था। इससे पहले कोर्ट का आखिरी फैसला आने तक विधायक या सांसद की सदस्यता खत्म नहीं करने का प्रावधान था।

2018 में ही राहुल गांधी पर महाराष्ट्र में एक और मानहानि का केस दर्ज हुआ। ये मामला मझगांव स्थित शिवड़ी कोर्ट में चल रहा है। IPC की धारा 499 और 500 के तहत मानहानि का केस दर्ज है। केस संघ के कार्यकर्ता ने दायर किया था। राहुल पर आरोप है कि उन्होंने गौरी लंकेश की हत्या को BJP और संघ की विचारधारा से जोड़ा।

### राहुल गांधी पर मानहानि के 4 और मुकदमे चल रहे हैं, जिन पर फैसला बाकी...

■ 2014 में राहुल गांधी ने संघ पर महात्मा गांधी की हत्या का आरोप लगाया था। एक संघ कार्यकर्ता ने राहुल पर IPC की धारा 499 और 500 के तहत मामला दर्ज कराया था। ये केस महाराष्ट्र के भिवंडी कोर्ट में चल रहा है।

■ 2016 में राहुल गांधी के खिलाफ असम के गुवाहाटी में धारा 499 और 500 के तहत मानहानि का केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, राहुल गांधी ने कहा था कि 16वीं सदी के असम के वैष्णव मठ बरपेटा सतरा में संघ सदस्यों ने उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया। इससे संघ की छवि को नुकसान पहुंचा है।

■ 2018 में राहुल गांधी के खिलाफ झारखंड की राजधानी रांची में एक और केस दर्ज किया गया। ये केस रांची की सब-डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में चल रहा है। राहुल के खिलाफ IPC की धारा 499 और 500 के तहत 20 करोड़ रुपए मानहानि का केस दर्ज है। इसमें राहुल के उस बयान पर आपत्ति जताई गई है, जिसमें उन्होंने मोदी चोर है कहा था।

## » न्यूज गैलरी

### पीड़ित आदिवासी युवक को पांच लाख की आर्थिक सहायता

■ भोपाल, यशभारत।

आदिवासी युवक पर पेशाब कांड में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गठित चार सदस्यीय टीम शुक्रवार को सीधी पहुंचेगी। टीम में कोल प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेले, विधायक शरद कोल, विधायक अमर सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शीर्ष कांत देव सिंह शामिल हैं। टीम के सदस्य पीड़ति के घर जाएंगे। इधर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने पांच लाख की आर्थिक सहायता और आवास निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है।

### दिल्ली शराब घोटाले में ईडी का बड़ा ऐक्शन

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक अभूतपूर्व घटनाक्रम में दिल्ली के कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गुरुवार रात की कारोबारी दिनेश अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। दिनेश अरोड़ा को मनीष सिसोदिया का करीबी माना जाता है। इस शराब घोटाले की जांच सीबीआई भी कर रही है और अरोड़ा को उसके मामले में सरकारी गवाह बनाया गया है।घटनाक्रम से परिचित लोगों ने बताया कि ईडी द्वारा लंबी पूछताछ के बाद दिनेश अरोड़ा को मनी लॉन्डिंग प्रिवेंशन एक्ट (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। उन्ह दिल्ली शराब नीति घोटाले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### सोशल मीडिया का मिसयूज सेना के रिटायर्ड ऑफिसर्स की रुक सकती है पेंशन

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारतीय सेना से रिटायर्ड अधिकारी या सैनिक अगर सोशल मीडिया में ऐसा कुछ लिखते हैं या विडियो पोस्ट करते हैं जिससे भारतीय सेना की छवि खराब हो रही है तो उनकी पेंशन रोकी जा सकती है। सेना के एडजुटेंट जरनल ब्रांच (एजी ब्रांच) की तरफ से सेना के सभी कमांड हेडक्वॉर्टर को यह अडवाइजरी भेजी गई है। जिसकी कॉपी एनबीटी के पास है। अडवाइजरी में कई चिंताएं जाहिर की गई हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले कुछ वक्त में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिसमें पूर्व सैनिकों के बर्ताव की वजह से भारतीय सेना की इमेज खराब हुई है।

### महाराष्ट्र की सियासत के लिए अहम दिन

■ मुंबई, ईएमएस।

महाराष्ट्र की राजनीति के लिए शुक्रवार का दिन अहम होने जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शुक्रवार को विधानसभा कामकाज सलाहकार समिति की बैठक बुलाई है। इस बैठक में राकांपा के दोनों गुट पहली बार आमने-सामने होंगे।माना जा रहा है कि इसी बैठक में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति भी हो जाएगी। महाराष्ट्र में विधानमंडल का सत्र 17 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। इससे पहले विधानसभा कामकाज सलाहकार समिति की बैठक होनी है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी के घर ईओडब्ल्यू का छापा

## आय से 600 प्रतिशत अधिक कमाकर जुटाई 2 करोड़ की संपत्ति

■ जबलपुर, यशभारत।

आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिलने पर ईओडब्ल्यू सागर और जबलपुर की संयुक्त टीम ने शुक्रवार सुबह करीब 5.45 बजे खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे के शताब्दीपुरम स्टार पार्क स्थित ए-19 मकान में छापामार कर सर्च कार्रवाई शुरू की। ईओडब्ल्यू की टीम द्वारा सागर और जबलपुर स्थित अमरीश के घरों पर एक साथ सर्च कार्रवाई की गई है। डीएसपी ईओडब्ल्यू एवी सिंह के अनुसार अभी तक करीब 2 करोड़ की संपत्ति अमरीश दुबे के पास से मिली है। अचानक टीम के पहुंचने पर गहरी नींद में सो रहे दुबे परिवार के लोग सकते में आ गए और फिर ईओडब्ल्यू टीम ने सर्चिंग शुरू कर दी।

डीएसपी एवी सिंह ईओडब्ल्यू जबलपुर ने बताया कि सर्चिंग कार्रवाई में अभी तक ईओडब्ल्यू की टीम को जबलपुर और सागर स्थित दो मकानों में खड़ी दो कारें, शताब्दीपुरम में करीब 90 लाख रुपए का एक आलीशान ड्यूप्लेक्स, शताबदीपुरम में करीब 65 लाख रुपए का 2400 स्कवेयर फीट



### नरसिंहपुर में बैंक लॉकर, प्लॉट, शताब्दीपुरम में आलीशान ड्यूप्लेक्स, 2 कार मिलीं

का प्लॉट, नरसिंहपुर की शुगर मिल में 90 लाख रुपए इनवेस्ट करने के कागजात, नरसिंहपुर में 2 प्लॉट और एक बैंक लॉकर मिले हैं। इसके साथ ही विभिन्न बैंक खातों की जानकारी टीम के हाथ लगी है। डीएसपी ईओडब्ल्यू एवी सिंह के अनुसार अमरीश दुबे के सभी बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। अभी तक अमरीश दुबे के पास से आय से 600 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली है। उम्मीद जताई जा रही है कि पूरी जांच होने के बाद ये संपत्ति और अधिक मात्रा में अभी बढ़ेगी।



### 2008 में हुई थी नियुक्ति

जानकारी के अनुसार सुबह खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे वर्तमान में सागर में पदस्थ हैं। इसके पहले वे जबलपुर में भी इसी पद पर पदस्थ रह चुके हैं। डीएसपी ईओडब्ल्यू एवी सिंह ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे की नियुक्ति वर्ष 2008 में और इनकी पदस्थापना वर्ष 2011 में हुई थी।

# बैतूल जिले में मिला बाघ का कटा सिर

■ बैतूल, यशभारत।

बैतूल जिले के धनसई गांव में बाघ का कटा हुआ सिर मिला है। अधिकारियों के दावा किया है कि यह सिर उस बाघ का है जिसका धड़ 12 दिन पहले सतपुड़ा बाघ अभयारण्य (एसटीआर) के मुख्य क्षेत्र में मिला था। एसटीआर के उपनिदेशक संदीप फॉलो ने कहा कि बाघ के सिर को कुत्ते खा रहे थे। उन्होंने बताया कि उक्त सिर बैतूल के धनसारी वन गांव में वन विभाग की एक टीम को मिला, जो इसकी तलाश कर रही थी। वन्यप्राणी चिकित्सक रातापानी को बुलाकर पाए गए मृत टाइगर के सिर का परीक्षण किया गया एवं माप ली गई। बाल, मांस आदि अन्य के सैंपल लेकर सील किया गया।



कटे हुए सिर एवं अन्य सैंपल को वाइल्ड लाइफ फोरेंसिक एंड हेल्थ सेंटर जबलपुर को आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया। बता दें, 25 जून को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अंतर्गत चूरना रेंज में बाघ का क्षत विक्षप्त शव मिला था। अधिकारियों ने पहले पूरे मामले की जानकारी को दबाया था। इसके बाद मामले में सतपुडा टाइगर रिजर्व एवं एसटीसीएफ जांच दल द्वारा निरंतर वनक्षेत्र, राजस्व क्षेत्र एवं ग्रामों में गश्ती एवं पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने दावा किया कि इस प्रकरण में स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है। इस बीच गुरुवार सुबह छह बजे वन विभाग के अधिकारियों की तरफ से बाघ का कटा सिर मिलने का दावा किया गया।

## यूपी में आसमान से बरसी आफत

# आकाशीय बिजली से 18 की मौत, कई गंभीर

■ लखनउऊ, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार को झमाझम बारिश हुई. इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों घायल हो गए. आकाशीय बिजली गिरने से कई मवेशियों की भी मौत हुई. बता दें कि उत्तर प्रदेश में बुधवार की शाम कई



जिलों में मॉनसून की झमाझम बारिश हुई. सरकार की तरफ से सभी मृतकों के परिजनों को दैवीय आपदा के तहत मुआवजा देने के निर्देश दिए गए हैं.

उत्तर प्रदेश के रायबरेली में आकाशीय बिजली कहर बनकर टूटी. यहां अलग-अलग इलाकों में बिजली गिरने से कुल तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग झुलस गए. सदर तहसील इलाके के मिल एरिया थाना क्षेत्र में अधे? की मौत हुई. मृतक अधे? संदी नागिन गांव का रहने वाला था और छेदी का पुरवा गांव में किसी काम से आया था, तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया. दूसरी घटना भदोखर थाना क्षेत्र के सराय दामू की है, जहां बिजली गिरने से एक महिला की मौत हुई. मृतका अन्य महिलाओं के साथ खेत में धान की रोपाई कर रही थी. तीसरी घटना सलोन तहसील के डीह थाना इलाके के गोइरा गांव में हुई. गांव का रहने वाला 16 वर्षीय किशोर मोहित की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई. मोहित मवेशियों को चरा रहा था. इस दौरान एक गाय की भी बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई. आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं भदोखर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में 3 लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है. जिसमें 2 महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है.।

### छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी ने की सौगातों की बौछार कहा- ये लोगों के लिए उपहार

■ रायपुर, यशभारत।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में 7500 करोड़ रुपये के परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. मंच पर पीएम मोदी के साथ-साथ सीएम भूपेश बघेल और राज्यपाल मौजूद हैं. मंच पर भूपेश बघेल ने पीएम मोदी को खास तोहफा भी दिया. रायपुर एयरपोर्ट पर सीएम



भूपेश बघेल और राज्यपाल ने पीएम मोदी का स्वागत किया. साथ में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता डॉ. रमन सिंह भी मौजूद थे. पीएम मोदी ने कहा, 'आज छत्तीसगढ़ 2-2 इकोनॉमिक कॉरिडोर से जुड़ रहा है, रायपुर-धनबाद इकोनॉमिक कॉरिडोर और रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर इस क्षेत्र का भाग्य बदलने वाले हैं. गांवों को भी अच्छी 4त्र कनेक्टिविटी मिले, इसके लिए भारत सरकार 700 से अधिक मोबाइल टॉवर लगवा रही है। इनमें से करीब 300 टॉवर का काम करना शुरू कर चुके हैं.'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में हम सभी का दशकों पुराना अनुभव यही है कि जहां इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर रहा, वहां विकास भी उतनी ही देरी से पहुंचा।



# उत्तराखंड के धारचूला में बादल फटने से पुल बहा, गांव में 200 लोग फंसे

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में बिहार और तेलंगाना को छोड़कर देश के सभी राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और खराब मौसम के चलते अमरनाथ यात्रा रोक दी गई है। उत्तराखंड के चमोली में पहाड़ों से पत्थर गिरने के चलते बद्रीनाथ हाईवे भी बंद है। पिछले 10 दिनों में यह हाईवे चौथी बार बंद हुआ है।उत्तराखंड के धारचूला में शुक्रवार को बादल फटने से पुल बह गया। यहां चल गांव में 200 लोग फंस गए हैं। रेस्क्यू करने जा रही स्ष्ठक्रस्न की टीम भी फंस गई है। केरल के कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है। कन्नूर और कासरगोड में रेड अलर्ट जारी किया गया है। अलप्पुझा के निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है। यहां सड़कों पर नाव चलानी पड़ी। एक हजार से ज्यादा लोगों को रिलीफ कैंपों में शिफ्ट किया गया है।

### दोनों रूट पर रोकी गई अमरनाथ यात्रा

जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के चलते पहलगाम और बालटाल दोनों रूट पर अमरनाथ यात्रा रोक दी गई है। तीर्थ यात्रियों को बालटाल और नुनवांन बेस कैंप पर रोक दिया गया है। अधिकारियों ने बताया है कि मौसम ठीक होते ही यात्रा फिर से शुरू कर दी जाएगी।

## तीर्थ स्थल पर अतिक्रमण से नाराज जैन समाज

# विधानसभा चुनाव लड़ने का किया ऐलान

■ इंदौर, यशभारत।

विश्व भर में प्रसिद्ध दिगंबर जैन समाज के बड़े तीर्थ स्थल गोमटगिरी पर हो रहे अतिक्रमण से जैन समाज में खासी नाराजगी है। इसे लेकर उन्होने पुलिस और प्रशासन पर असामाजिक तत्वों से मिलीभगत का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं..उन्होने ये भी कहा है कि जैन समाज विधानसभा चुनाव लड़ेगा और अपने 50 से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में उतारेगा, जिसे देशभर के सभी जैन संतों का सहयोग भी प्राप्त होगा। इंदौर शहर से कुछ ही दूरी पर स्थित जैन समाज के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गोमटगिरी की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा हैष इसे लेकर जैन समाज लंबे समय से प्रदर्शन करता आ रहा है। यही



नहीं, इस मामले में वो सुप्रीम कोर्ट में भी अपनी आपत्ति दर्ज करा चुका है। गोमतगिरी तीर्थ से जुड़े जैन समाज के भगवान बाहुबली दिगंबर जैन ट्रस्ट द्वारा आरोप लगाया गया कि इंदौर शहर के कलेक्टर और क्षेत्रीय एडीएम द्वारा मंदिर के आसपास की जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा कर एक अन्य समाज का तीर्थ स्थल तैयार करवाया जा रहा है, जिसे लेकर जैन समाज लंबे समय से प्रदर्शन करता रहा है इस बारे में अब वो प्रदर्शन की राह पर आगे बढ़ चुका है।जैन समाज के संतों ने आह्वान किया है कि जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार यदि अतिक्रमण नहीं रोक पाती है तो जैन समाज अपने 50 से ज्यादा उम्मीदवार विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारेगा। गोमतगिरी तीर्थ के ट्रस्टी भरत मोदी का कहना है कि एकमात्र इंदौर शहर में ही दो लाख से ज्यादा जैन समाज के वोटर हैं जो किसी भी पार्टी को हराने में सक्षम है। मोदी ने बताया कि जैन समाज द्वारा पिछले समय की गई अलग-अलग बैठकों के माध्यम से जमीन को बचाने का आह्वान किया गया है और अब जैन समाज के संत भी जमीन बचाने के लिए समाज के लोगों से आह्वान कर रहे हैं कि वे चुनावी मैदान में उतरे और जमीन को बचाने के लिए अपनी भूमिका निभाएं।

# कंगाली में पाकिस्तान का आटा गीला

## पाक सेना का तेलखत्म, युद्ध अभ्यास रोका

■ इस्लामाबाद, एजेंसी।

बार-बार जंग की गीदड़ भभकी देने वाले कंगाल पाकिस्तान की हालत और खराब हो गई है और वह बर्बादी की कगार पर पहुंच गया है. पाक में आवाम न केवल दाने-दाने को मोहताज बल्कि भारत से जंग लड़कर कई बार मुंह की खा चुकी पाकिस्तान आर्मी की भी हालत खराब हो गई है. उसके हथियारों और टैंकों में में अब जंग लगने लगे हैं, क्योंकि उसके पास युद्धाभ्या के लिए तेल ही नहीं है. यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की सेना ने ईंधन की कमी के चलते इस साल दिसंबर तक सभी सैन्य अभ्यास रद्द कर दिए हैं। सूत्रों के हवाले से एजेंसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि सेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ट्रेनिंग ने सभी फील्ड फॉर्मेशन और हेडक्वार्ट्स को एक चिट्ठी लिखी है. इस चिट्ठी में दिसंबर तक भी युद्ध अभ्यास को रद्द करने को कहा है. पत्र में इस फैसले को लेकर जो पहली वजह बताई गई है कि रिजर्व फ्यूल और जरूरी



साजो-सामान की कमी है. सैन्य दृष्टि से रिजर्व फ्यूल, वॉर रिजर्व से अलग होता है. वॉर रिजर्व विशिष्ट अवधि के दौरान आवश्यक हथियार और ईंधन के लिए होते हैं. जबकि रिजर्व फ्यूल आमतौर पर सैन्य अभ्यास के लिए होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि एक पाकिस्तानी टी-80 टैंक हर एक किलोमीटर पर दो लीटर तेल की खपत करता है. इसके चलते ही पाकिस्तान ने सभी बख्तरबंद और मशीनाइज्ड वॉर एक्सरसाइड को रद्द कर दिया है. बता दें कि पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की ग्रे लिस्ट से बाहर भी आ गया है ।

# संस्कार कांवड़ यात्रा 17 को, तैयारियां तेज

## व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन, पुलिस एवं आयोजन समिति की संयुक्त बैठक

जबलपुर, यशभारत। श्रावण मास के दूसरे सोमवार 17 जुलाई को ग्वारीघाट से कैलाशधाम मटामर तक निकाली जाने वाली संस्कार कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा, साफ- सफाई और यातायात व्यवस्था पर चर्चा करने गुरूवार को जिला प्रशासन, पुलिस एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि सोमवार 17 जुलाई को कांवड़ यात्रा सुबह 7 बजे से सिद्धघाट ग्वारीघाट से प्रारंभ होगी तथा रामपुर चौक, गोरखपुर, शास्त्री ब्रिज, तीन पत्ती चौक, मालवीय चौक, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा, लकड़गंज, बेलबाग, घमापुर, शीतलामाई, कांचघर, सतपुला, गोकलपुर, रांझी, खमरिया स्टेट होते हुये करीब 35 किलोमीटर का सफर तय कर मटामर पहाड़ी पर स्थित भगवान नर्मदेश्वर भोलेनाथ मंदिर कैलाशधाम पर दोपहर 1.30 बजे पहुंचेगी तथा भगवान शंकर के जलाभिषेक के साथ इसका समापन होगा। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं पुलिस अधीक्षक



टी के विद्यार्थी की उपस्थिति में संपन्न हुई इस बैठक में महापौर एवं संस्कार कांवड़ यात्रा आयोजन समिति के सदस्य जगत बहादुर सिंह अन्नू भी शामिल हुये। पुलिस कंट्रोल रूम में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह एवं शेर सिंह मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री प्रियंका शुक्ला एवं संजय अग्रवाल तथा आयोजन समिति की ओर से शिव यादव, नीलेश रावल, राजेश यादव आदि मौजूद थे। बैठक में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने यात्रा की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में बताया गया कि इस बार कांवड़ यात्रा में एक लाख कांवडियों एवं श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। पदाधिकारियों ने प्रशासन से कांवड़ यात्रा के दौरान ग्वारीघाट से लेकर समूचे यात्रा मार्ग एवं इसके समापन स्थल पर सुरक्षा, साफ-सफाई एवं यातायात की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इन व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए आयोजन समिति द्वारा भी करीब दो हजार स्वयं सेवक तैनात किये जा रहे हैं। संस्कार कांवड़ यात्रा समिति के सदस्य एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बैठक में कहा कि पर्यावरण एवं मॉ नर्मदा के संरक्षण और संवर्धन की मूल भावना से निकाली जा रही संस्कार कांवड़ यात्रा जबलपुर शहर का गौरव बन चुकी है। उन्होंने बताया कि संस्कार कांवड़ यात्रा का यह तेरहवां आयोजन है। बैठक में तय किया गया कि कांवड़यात्रा के दौरान व्यवस्था में सहयोग के लिये आयोजन समिति द्वारा तैनात किये जा रहे स्वयं सेवकों को पुलिस द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके साथ ही ग्वारीघाट एवं यात्रा के समापन स्थल मटामर में स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात रहेंगी।

# जीवन में मर्यादा में रहकर कार्य करना चाहिए



जबलपुर, यशभारत। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में परम पूज्य दद्दा जी की पावन स्मृति में मानस भवन में आयोजित तीन दिवसीय श्री राम कथा के विराम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा व्यास दीदी ऋचा मिश्रा ने कहा कि भगवान राम का सम्पूर्ण चरित्र इस बात का प्रतीकात्मक संदेश प्रदान करता है कि जीवन में हमें मर्यादा में रहकर कार्य करना चाहिए और चरित्र निर्माण पर ध्यान देते हुए सकल समाज की सेवा करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान जगद्गुरु राघावदेवाचार्य महाराज ,नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कमलेश अग्रवाल और अभिनेता आशुतोष राणा भी मौजूद रहे। कमलेश अग्रवाल ने कहा कि कथा श्रवण से उन्हें भगवान श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। दद्दा शिष्य मंडल को बहुत-बहुत साधुवाद।

# पीडीएम फ्यूज की खेप आयुध निर्माणी खमरिया से रवाना

## महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



जबलपुर यशभारत।शहर की आयुध निर्माणी खमरिया में बनने वाली विस्फोटक सामग्री विदेश में भी निर्यात की जाने लगी है।अब तक सेना के तीनों अंगों तक ओएफके के गोला बारूद की आपूर्ति होती थी।लेकिन अब उन्हें विदेशों में भी भेजे जाने की ओर खमरिया फैक्ट्री अग्रसर है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडीएम 755 फ्यूज की पहली खेप आज दोपहर रवाना की गई।फैक्ट्री के मुख्य द्वार पर आयोजित एक भव्य किन्तु संक्षिप्त कार्यक्रम में महाप्रबंधक हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव के पल हैं।आगे हम अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी धाक जमाएंगे।

बताया जाता है कि साढ़े सोलह हजार पीडीएम 755 फ्यूज की खेप विदेश के लिए रवाना की गई। जानकारी के अनुसार उक्त फ्यूज विभिन्न आयुधों में उपयोग किया जाता है।जो सड़क मार्ग से कोच्चि बंदरगाह पहुंचेगा जहां से उसे समुद्री मार्ग से अपने गंतव्यके लिए रवाना होगा।

### इनका कहना है

खमरिया को उत्पादन का बड़ा लक्ष्य मिला है इस सत्र में यह पहला निर्यात है आगे हम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर और भी निर्यात करेंगे हम विश्व बाजार में और भी संभावनाएं तलाश रहे हैं।

आर के कुम्हार, प्रशासनिक अधिकारी/ पीआरओ, ओएफके जबलपुर

# भगवती करती है सबका कल्याण

जबलपुर, यशभारत। भगवती अपने बच्चों को दैहिक दैविक भौतिक सुखों का आशीर्वाद सदैव देती हैं। बच्चे अपने प्रारब्धों के कारण कुछ समय कठिन काल गुजारते हैं। भगवती की आराधना सदैव नित्य नियम से करना चाहिए उक्त उद्गार राजराजेश्वरी पराम्बा के उपासक स्वामी षडमुखानंद महाराज हीरापुर वाले महाराज ने नरसिंह मंदिर सिद्ध घाट शहपुरा फुलर भीटा में कहे। महाराजश्री के आगमन पर नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास महाराज ने भगवती की षोडशोपचार पूजन अर्चन आरती के साथ जग कल्याण के लिए महाभिषेक किया। इस अवसर पर आचार्य अनूप देव शास्त्री, डॉ.अजय तिवारी, राजेन्द्र प्यासी, हरीश मनोध्याय, संजय तिवारी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त जनों की उपस्थिति रही।

# जनेकृविवि में 16 प्रकार के उच्च गुणवत्तायुक्त जैवउर्वरक उपलब्ध

## जवाहर जैव उर्वरक जैविक कृषि के प्रमुख आदान के रूप में सर्वोत्तम - डॉ. जी.के. कौतू

जबलपुर , यशभारत। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग के अंतर्गत संचालित कृषि सूक्ष्म जीव अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र द्वारा जैविक कृषि के प्रमुख आदान जवाहर जैव उर्वरक का उत्पादन किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा समस्त फसलों में उपयोग हेतु सूक्ष्म जीव अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र द्वारा 16 प्रकार के उच्च गुणवत्ता के जैव उर्वरकों का वैज्ञानिकों के कुशल नेतृत्व में तैयार किया जाता है। जैविक उत्पादों का उपयोग से फसलोत्पादन में वृद्धि के साथ ही मृदा



की उर्वरता एवं उत्पादकता में सार्थक भूमिका निभाते हैं।विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ जी के कौतू द्वारा जवाहर जैव उर्वरक केन्द्र का निरीक्षण किया गया एवं सभी वैज्ञानिकों व कर्मचारियों मे आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश दिये गये, ताकि जैव उर्वरकों का कृषकों के बीच बेहतर प्रचार-प्रसार हो सकें व उत्पादों की गुणवत्ता के साथ समय पर उपलब्ध किया जाये।

सूक्ष्म जीव अनुसंधान व उत्पादन केन्द्र द्वारा विविध फसलों हेतु उत्पादित 16 प्रकार के प्रमुख जवाहर जैवउर्वरक में जवाहर राईजोबियम, जवाहर एजोटोबेक्टर जवाहर एजोस्पिरिलम, जवाहर एसीटोबेक्टर, जवाहर नीलरहित काई (बी. जी.ए.) कल्चर, जवाहर फॉस्फेट घोलक जीवाणु (पी.एस.बी). जवाहर माईकोराइजा, जवाहर पोटाश घोलक जीवाणु (के.एस.बी.), जवाहर जिंक घोलक, जीवाणु (जेड. एस.बी.) जवाहर स्यूडोमोनास जवाहर ई एम कल्चर जवाहर बॉयोफर्टिसॉल, जवाहर बैक्टोबूस्टर, जवाहर ट्राइकोडर्मा, जवाहर विघटक-1, जवाहर जैव विघटक-2, उत्पादों की श्रृंखला कृषकों हेतु कम लागत व गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध हैं।



# मेडिकल को देह दान : बेटों ने निभाया फर्ज, मां की देह की दान

### चिकित्सक छात्रों को मिलेगी मदद

जबलपुर, यशभारत। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में आज राजकुमारी बाई दुबे की मृत देह को उनके बेटों ने दान कर पुनीत कार्य किया। उनके इस कार्य की सभी चिकित्सकों ने प्रशंसा करते हुए यशभारत के माध्यम से अपील की है कि लोग जागरुक हों और इस पहले को आगे बढ़ाएं। डॉक्टर एनएन अग्रवाल ने बताया कि योगेश दुबे, दिनेश दुबे और राकेश दुबे ने श्रीमति रामकुमारी दुबे की मृत देह को मेडिकल में दान की। इस दौरान पुलिस को भी सूचना दी गई है। इस पहले से मेडिकल के छात्रों को बहुत मदद मिलेगी।

# कलेक्ट्रेट में आशा-उषा कार्यकर्ताओं ने किया उग्र प्रदर्शन

**जबलपुर,यशभारत।** वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर गुरूवार को बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंची आशा-उषा कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान आशा-उषा कार्यकर्ताओं ने हमारी मांगे पूरी करो के नारे भी लगाए। इस संबंध में महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनकी मांगों पर मध्यप्रदेश सरकार ध्यान नहीं दे रही है। विदित हो कि आशा उषा कार्यकर्ता को 10 हजार और उनके सहायिका को 15 हजार का वेतन दिए जाने की मांग पिछले कई महीनों से आशा-उषा कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही है। ये वेतन अभी सिर्फ 2 हजार रुपए मप्र सरकार के द्वारा दिया जा रहा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में आशा उषा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## सभी ग्राम पंचायतों में होगा जनसंवा

# दिव्यांगों की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

जबलपुर, यशभारत। दिव्यांगों के लिए पेंशन, लोन सहित अन्य मांगों को लेकर विकलांग बल द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट में एडीएम शेर सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपा गया। विकलांग बल के प्रदेश संगठन मंत्री सुभाष विश्वकर्मा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तम राव के नेतृत्व में 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विकलांगों को प्रतिमाह 6 हजार रुपए की पेंशन, ब्याज रहित लोन, व्यवसाय के इच्छुक विकलांगों को तत्काल लाइसेंस, विभागों या कार्यक्षेत्र में





विकलांगों को लाइन न लगानी प? उनके कार्य तत्काल हों, विकलांगों से संबंधित कार्यालयों में विकलांगों को नौकरी के अवसर, हर क्षेत्र में रोजगार देने और विकलांगों को हर 3 साल में ट्राईसिकल प्रदान किए जाने की मांग की। अपने अधिकारों और मांगों को लेकर विकलांगों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन भी किया। प्रर्दशन एवं ज्ञापन के दौरान मुख्य सहभागिता जबलपुर संभाग प्रभारी सविता केवट, उप संभाग प्रभारी संजय रजक, जिला अध्यक्ष पंचम दाहिया, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार कोरी, जिला मीडिया प्रभारी अनूप पटेल, जिला सचिव दिनेश झारिया जिला, सह सचिव संतोष सोनी, जबलपुर जिला महिला अध्यक्ष आशा प्रजापति, सौरभ गुप्ता, शुभम विश्वकर्मा, जितेंद्र, ग्वारीघाट ब्लॉक अध्यक्ष पुरुषोत्तम चढ़ार, सारिका खरे ब्लाक सचिव, अशोक मिश्रा सहित विकलांग महिलाएं पुरुष शामिल रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन का यूज न करने रैली का आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार दिनांक 05 जुलाई 2023 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर की सहयोगी संस्था (ओम साई विजन) आई. ई. सी. टीम द्वारा जबलपुर निकाय के जोन क्रमांक 13 एवं वार्ड क्रमांक 34 में हितकारणी महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. नीलेश पाण्डेय समस्त टीचर स्टाप एवं छात्रों के साथ मिलकर सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन का यूज न करने के संदर्भ में रैली का आयोजन किया गया इस रैली का शुभारंभ पार्षद अयोध्या प्रसाद तिवारी एवं सी.एस.आई वैभव तिवारी एस.आई अभिषेक व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया।



# बुजुर्गों का किया श्री फल से सम्मान, मिला आशीर्वाद

जबलपुर, यशभारत। चुनाव आने को बस कुछ ही माह रह गए हैं इसी के चलते लगातार विधानसभा क्षेत्रों में दावेदार अपने अपने तरीके से दंभ भरते नजर आ रहे हैं ऐसा ही माहौल पनागर विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिल रहा है जहां पर क्षेत्र के कांग्रेस नेता विनोद श्रीवास्तव लगातार आम जनता के संपर्क में बने हुए हैं। विनोद श्रीवास्तव ने खुलकर पनागर विधानसभा से अपनी दावेदारी पेश कर दी है और इसी कड़ी में कांग्रेस नेता ग्राम पिपरिया बनियाखेड़ा में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर बुर्जुगों का साल श्रीफल से सम्मान किया ।। इसी के साथ विनोद श्रीवास्तव लगातार युवाओं से मुलाकात कर आगामी चुनाओ के बारे में चर्चा भी कर रहे हैं जिसमें कि युवाओं से उनको लगातार समर्थन और बुजुर्गों से सतत् रूप से आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।

## स्टैडिंग कमेटी की बैठक में दी गई जानकारी

# 2 किलोमीटर से अधिक दूर नहीं होंगे मतदान केन्द्र

जबलपुर, यशभारत। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में स्टैडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की। इस बैठक में आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने युक्तियुक्त, परिवर्तन, नवीन मतदान केंद्र के संबंध में विधानसभावार प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई इन प्रस्तावों की आयोग के दिशा निर्देशों के अंतर्गत समीक्षा के उपरांत इन्हें आयोग को भेजा जाएगा। इन प्रस्तावों में जहां पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 2133 मतदान केंद्र हैं या ऐसे मतदान केन्द्रों जो 2किलोमीटर से अधिक दूरी पर हैं अर्थात मतदाताओं को मतदान के लिये 2 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करना होती है, ऐसे मतदाताओं की सुविधा के लिये भवन परिवर्तन किया जाएगा, ताकि आम मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी मतदान करने में न हो इसी तरह कुछ पोलिंग बूथों में 15 सौ से अधिक मतदाता थे उन बूथों में मतदाताओं की संख्या अधिकतम 1450 या उससे कम रखी जाएगी।

# मानसिक रूप से अविकसित बालगृह में प्रवेश प्रारंभ

जबलपुर, यशभारत। शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बाल गृह देवताल हितकारिणी स्कूल के पास गढ़ा में मानसिक मंदबुद्धि बालक एवं बालिकाओं का प्रवेश में प्रारंभ है। विद्यालय में मंद बुद्धि बालक एवं बालिकाओं को शिक्षण-प्रशिक्षण, फिजियो थैरेपी, नि:शुल्क व्यवस्था शासन द्वारा प्रदाय की जाती है। शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालगृह के अधीक्षक ने बताया कि संस्था में प्रवेश हेतु बालक एवं बालिकाओं की उम्र 6 से 12 वर्ष होना चाहिये। प्रवेश के समय बुद्धि परीक्षण के प्रमाण पत्र की दो छायाप्रति, मूल निवासी प्रमाण पत्र, समग्र आईडी एवं विकलांगता प्रमाण पत्र अनिवार्य है। नगर निगम जबलपुर की सीमा में अभिभावकों के बालक एवं बालिकाओं को दैनिक छात्र एवं छात्राओं के रूप में प्रवेश दिया जायेगा।

# भगवान शिव के अभिषेक के बाद पूरा माहौल हुआ भक्तिमय

जबलपुर,यशभारत। सावन के पवित्र माह में मातेश्वरी समिति द्वारा गुप्तेश्वर मंदिर शक्तिनगर में शिव अभिषेक किया गया । इस मौके पर समिति के अध्यक्ष ज्योतिष आचार्य संगीता शर्मा ने सावन मास में शिव पूजा का महत्व बताया वहीं अध्यक्ष ज्योतिष आचार्य संगीता शर्मा, सचिव रंजना तिवारी कोषाध्यक्ष के नेतृत्व में सावन के चौथे दिन रूद्राभिषेक किया गया। प्रियांशी शर्मा एवं सोनिया वाकुलकर नेशनल मीडिया प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि सावन के महीने में जब भोलेनाथ ने अमृत मंथन के समय हलाहल ग्रहण किया था। और उनका ताप अत्यधिक बढ़ गया था तभी सारे देवताओं, भक्तजन सभी ने उनका



जलाभिषेक किया था इसलिए सावन मास में पूर्ण श्रद्धा के साथ सावन मास में भोलेनाथ को जल अभिषेक करके हर तरह की परेशानियों से मुक्ति मिलती है, इसलिए सभी को श्रावण मास में श्रद्धा के साथ रूद्र अभिषेक करना चाहिए। इस मौके पर ,मोना श्रीवास्तव ,सुनंदा शर्मा, रश्मि अग्रवाल ,नीलम शर्मा ,कविता शर्मा ,पदमा वाधवा ,मंजू तिवारी मंजुल तिवारी ,अनुभव शर्मा सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

# हिन्द मजदूर सभा की मध्यप्रदेश इकाई में लिटोरिया प्रान्तीय महामंत्री चुने गये

जबलपुर यश भारत। जबलपुर में हिन्द मजदूर सभा का प्रान्तीय अधिवेशन राष्ट्रीय महामंत्री का हरमजन सिंह सिद्ध की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ था। अधिवेशन में सम्पन्न हुये चुनाव समिति में शामिल का. जे.आर. भोंसले, का. मुकेश गालव एवं का. एस. एन. पाठक ने मध्यप्रदेश की प्रान्तीय कार्यकारिणी का चुनाव कराकर चयनित पदाधिकारियों की सूची हिंद मजदूर सभा मुख्यालय नई दिल्ली भेजी थी जिसे राष्ट्रीय महामंत्री का हरभजन सिंह सिद्ध द्वारा अनुमोदित कर दिया है। निर्वाचित पदाधिकारियों में डिफेंस लेबर यूनियन से का. नेम सिंह को प्रदेश अध्यक्ष, रेलवे यूनियन से का. नवीन लिटोरिया को प्रदेश महामंत्री चुना गया है। का. एस.बी. श्रीवास्तव प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष,



कोयला श्रमिक सभा सिंगरौली से बी. एन. सिंह हरि ओम सूर्यवंशी, अमर सिंह राठौर आनन्द मिश्रा (कोयलो से ) एवं राजेश सूर्यवंशी (वेंडर्स एसो.) उपाध्यक्ष के पद पर चुने गये।इसी प्रकार विनय सिंह, राकेश मिश्रा, पुष्पेन्द्र सिंह, शिव पाण्डे को प्रदेश सचिव के पद पर चुना गया। प्रियंका सिंह, मनोहर पचौरी को प्रदेश संगठन मंत्री चुना गया। बेस्ट सेंटर रेलवे एम्पलाई यूनियन मंडल सचिव जबलपुर का रोमेश मिश्रा को मध्यप्रदेश हिंद मजदूर सभा का कोषाध्यक्ष चुना गयाकार्यकारिणी में रेलवे डिफेंस कोयला, बिल्डिंग वर्कर्स, रिक्शा चालक संघ डाक एवं विभिन्न श्रम संघो से कुल 40 कर्मचारियों सदस्य निर्वाचित किये गये।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना से मिली राशि से खरीदे बच्चों के स्कूल बैग एवं कापियां

जबलपुर,यशभारत। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना गरीब परिवारों की महिलाओं का आर्थिक संबल बन गई है। महिलायें अपने परिवार की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ योजना अंतर्गत मिली राशि को बच्चों की शिक्षा पर खर्च कर रही हैं। दस जून को मिली लाडली बहना योजना की राशि से जबलपुर के सिंधी कैम्प निवासी श्रीमती नीतू पाण्डेय ने अपने बच्चों के लिये स्कूल बैग एवं कापियां खरीदीं। उन्होंने बताया कि हर महीने मिलने वाली राशि वह पूरी तरह से बच्चों की शिक्षा पर ही खर्च करेंगी। श्रीमती पाण्डेय ने बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की इस योजना को शुरू करने के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का दिल से आभार व्यक्त किया। जबलपुर के मंझौली की गुरजी ग्राम निवासी रेखा पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना से एक हजार रुपए उनके खाते में आ गए हैं और इससे वह बहुत खुश हैं। यह योजना बहनों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है। योजना को शुरू करने और उसका बहनों को लाभ दिलाने पर मैं मुख्यमंत्री शिवराज चौहान का दिल से धन्यवाद देती हूं।

# अव्यवस्थाओं का शिकार रहा स्पर्श पेंशनर्स शिविर

## दूर दूर से आये सैनिक असैनिक पेंशनर परेशान होते रहे

जबलपुर यशभारत।प्रिसिंपल कंट्रोलर डिफेंस एकाउंट (पीसीडीए)के तत्वावधान में कल्पना आडीटोरियम हाल में आयोजित दो दिनी शिविर पहले दिन अव्यवस्थाओं का शिकार हो गया।अपनी अपनी पेंशन संबंधी समस्याओं को लेकर कटनी नरसिंहपुर आदि दूर दूर से आये बुजुर्ग पेंशनर्स मे से कई तो बिना समस्या के हल हुए निराश चले गए।यद्यपि पहले चरण में सेना के वर्तमान जवानों के लिए हुआ आयोजन ठीक ठाक रहा लेकिन दूसरे चरण में सेवानिवृतों के लिए आयोजित शिविर में अव्यवस्था रही।सबसे ज्यादा परेशानी उन सेवानिवृतों को हुई जो सेना या रक्षा मंत्रालय के अन्य विभागों से सेवा निवृत्त हुए हैं और उनकी पेंशन



स्पर्श पोर्टल में माईग्रेट नहीं हुई।ऐसे पेंशनरों को केवल फार्म देकर रवाना कर दिया।उन्हें दूसरे दिन आने के लिए कह दिया।ग?फाटक से पहुंचे 82 वर्षीय कृष्ण कुमार जो डिफेंस एकाउंट से सन2000 में सेवा निवृत्त हुए हैं उन्होंने बताया कि वे अविवाहित हैं और अकेले रहते हैं उनकी पेंशन स्पर्श में नहीं आई है।इसी तरह सन1982 में सेवानिवृत्त हुए बुजुर्ग ने बताया कि वे सिग्नल से सेवानिवृत्त हुए हैं।किसी तरह यहां आये उन्हें स्मार्ट फोन चलाना भी नहीं आता है।लेकिन बोला जा रहा है कि वह अनिवार्य है ऐसे में उन्हें भविष्य में पेंशन में परेशानी हो सकती है।सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने कहा कि शिविर मात्र दिखावा है।जब केंद्र सरकार के अन्य विभागों की तरह डिफेंस के पेंशनर्स सीधे बैंक से पेंशन पाते आ रहे थे तो सिर्फ उन्हें ही जबरन क्यों स्पर्श सिस्टम में ढकेला गया है।अनेक पेंशनर्स ऐसे हैं कि उन्हें मोबाइल चलाना नहीं आता और शिविर में अधिकारी बोल रहे हैं कि कोई और विकल्प नहीं है।या तो आप मोबाइल लें या फिर विभाग के लेखा नगर सर्विस सेंटर में जाएं।जबकि पीसीडीए का नेटवर्क सब जगह नहीं है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के भर्ती नियमों की संवैधानिकता को चुनौती

**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ एवं न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगल पीठ ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के भर्ती नियमों की संवैधानिकता को चुनौती जाने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र व राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इस दौरान याचिकाकर्ता मप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के शकील अहमद खान की ओर से अधिवक्ता धिवक्ता प्रशांत अवस्थी, आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, अपूर्व त्रिवेदी, आनंद शुक्ला, आशीष तिवारी व अरविन्द सिंह चौहान ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राज्य सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 309 के अंतर्गत निर्मित मप्र इंडस्ट्रीयल (गजटेड) सर्विस रिक्रूटमेन्ट रुल्स-2009 के संबंधित प्रविधान संविधान के अनुच्छेद 14, 16 व 73 के हनन की परिधि में आते हैं। लिहाजा, इन्हें निरस्त किया जाना चाहिए। दरअसल, केंद्र शासन ने घरेलू उद्योगों में गुणवत्तापूर्ण औद्योगिक उत्पादन के लिए कुशल

# 6 महीनों में करोड़ों में ठगी गई शहर की जनता

## जनवरी से जुलाई तक 18 मामलों में दर्ज हुई 420.... अधारताल में 5, रांझी में 4 मामले हुए थे दर्ज़।।

**जबलपुर, यशभारत।** पिछले दिनों शहर में ठगी का मामला सामने आया जहां पर जावेद नाम का योगा झाड़-फूंक के बहाने शहर की जनता को बेवकूफ बनाता रहा। भोली-भाली जनता कभी बीस तो कभी पच्चीस हजार रुपए देकर अपनी समस्याओं के निवारण हेतु इस बाबा बंगाली के चक्क र में फंसी रही ,जिसके बाद मामला अधारताल थाने पहुंचा और जांच गोहलपुर सीएसपी को दी गई। उन्होंने जावेद जादूगर को मामले में संलिप्त और उसे आरोपी गिरफ्तारकर लिया गया। इसी प्रकार से ऐसे कई नटवर लाल शहर में थे जिन्होंने पिछले 6 महीनों में शहर में जमकर ठगी की। एक आंकड़े के अनुसार जनवरी से जुलाई तक शहर में 18 मामले दर्ज हुए। जिसमें कि अधारताल में 5, रांझी में 4 और 2,3 मामले माढ़ोताल में दर्ज हुए थे। इसमें करोड़ों की ठगी की गई।

**यशभारत फॉलोअप**

### माढ़ोताल में हुई थी बड़ी ठगी

**गढ़ा सीएसपी तुषार सिंह ने बताया कि ग्राम सोनतलाई नेशनल एग्रो बिजनस की जिले की डीलरशिप देने के नाम पर कृषि से संबंधित प्रोडक्ट बेचने के नाम पर करोड़ों की ठगी की गई ,जिसमें कि ना तो रुपये वापस किये और ना ही प्रोडक्ट आया। इस दौरान 05 नग मोबाईल ,एक वैगन आर ,नगदी रकम 25,70,000 रूपये ज़ब्त किए गए थे। ये फर्जी गैंग उत्तर प्रदेश की थी। जिसमें कि एक आरोपी पकड़ा गया ,बाकी फरार हो गए। ज्ञात हुआ कि नेशनल एग्री बिजनस के द्वारा शहर में अन्य स्थानों में ब्रांच ऑफिस शहपुरा, पाटन, धूमा जिला सिवनी में भी शाखा खोलकर इस प्रकार का कार्य किया जा रहा है। उक्त शाखाओं का संचालन अलग-अलग व्यक्तियों के द्वारा अपने असली नाम बदलकर फर्जी नाम से किया जा रहा है मौके पर मिले आधारकार्ड भी फर्जी पाए गए है। आधारकार्ड में उल्लेख आधार नम्बर से सर्च किए गए जो फर्जी पाए गए है। मामले से जुड़े सभी लोगो की तलाश पतासाजी की जा रही है। उक्त कंपनी में अलग-अलग निवेशकों के द्वारा भी पृथक-पृथक राशि का निवेश किया गया है जो मामले में निवेशकों की जानकारी प्राप्त की गई उक्त आरोपियों के द्वारा पहले कुछ पौधे किसानों को दिए जाते थे और किसानो से पहचान बनाई जाती थी। उसके बाद नेशनल एग्री बिजनस की जिले की डीलरशिप कृषि से संबंधित प्रोडक्ट से देने के लिए बताया जाता था।**




### बैंक मैनेजर ने की थी करोड़ों

यूनियन बैंक आफ इंडिया विजय नगर के तत्कालीन शाखा प्रबंधक कमल कुमार मिश्रा ने लोन बांटने के नाम पर धोखाधड़ी की। शाखा प्रबंधक ने ओएमपी एसोसिएट के संचालक सचिन पटेल के साथ मिलकर एक करोड़ 70 लाख 80 हजार रुपये का गबन किया। दोनों ने 21 हितग्राहियों के नाम पर लोन स्वीकृत करके ओएमपी एसोसिएट के सचिन मिश्रा सहित अन्य लोगों के खातों में ट्रांसफर कर हड़पी। इस मामले की शिकायत मिलने पर जबलपुर ईओडब्ल्यू डीएसपी मंजीत सिंह ने जांच कर प्रकरण दर्ज किया था।

### जावेद का तो खेल ही निराला

अधारताल थाना अंतर्गत नौकरी लगाने एवं ग्रह दशा को ठीक करने के नाम से पूजा पाठ के नाम पर 31 लाख की धोखाधड़ी करने वाले जावेद अली ने पिछले दिनों जो धोखाधड़ी की वह बड़ी हास्यास्पद थी जहां पारिवारिक रूप से पीड़ित परेशान था एवं जावेद से कई बार मिलने जुलने के दौरान उसके द्वारा पारिवारिक समस्याओं का जिक्र किया गया था जिसके बाद जावेद बोला कि मात्र बुधवार रविवार को झाड़ फूक का काम करता हूँ तुम इन दोनों दिन में आ जाना यही मिलूँगा। ठग जावेद ने पीड़ित से बताया कि रेल पटरी में जो लोग मरते करते हैं तुम और परिवार वहीं से आते जाते हो वही लोग प्रेत चुडेल बनकर परिवार में लग गए हैं उसी की पूजा पाठ करनी पड़ी है तुम्हारे माता- पिता भी बीमार रहे हैं इस प्रकार उसने पीड़ित को बहुत डरा दिया और पूजा पाठ करने के लिए बोला कि करीब साढ़े सात लाख रूपये लगेंगे पीड़ित द्वारा को जावेदको साढ़े सात लाख रूपये नगद अस्पताल के पीछे कोतवाली में पानी की टंकी के पास दिए। रुपए लेने के करीब 35 दिन बाद जावेद घर आया और घर में झाड़-फूंक करने अपने साथियों एवं 08 औरतों के साथ जो लाल साड़ी पहने हुई थी तथा शादाब, संजू रजक, संतोष, शुभम सोनी, अंकित चतुर्वेदी,शादाब हफिस, मनोज नाम के लड़के भी साथ आए थे जब बाबा अपने लड़को के साथ वापस जाने लगा तो बोला शाम गुजरने के बाद 4,89,000/- रूपये लेकर मुझे दे जाना पूजा का सामान लेना होगा अभी तो कई बार पूजा होना है



"ठगी के मामलों को लेकर पुलिस पूर्ण रूप से सजग है और सतत् रूप से मामले दर्ज कर रही है और कोशिश यही रहती है कि अपराधी बच न पाए।

**उमेश जोगा,**
आईजी, जबलपुर जोन

# महानगरी एक्सप्रेस में यात्रियों का हंगामा

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय रेलवे रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए दाबे तो बड़े-बड़े करता है वहीं संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ऐसा ही एक मामला महानगरी एक्सप्रेस में सामने आया है जहां तृतीय श्रेणी क्लास में द्वितीय श्रेणी का बोर्ड लगा दिया जिसे लेकर यात्रियों ने हंगामा खड़ा कर दिया।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से चलकर बनारस जाने वाली महानगरी एक्सप्रेस में जबलपुर से सवार यात्रियों को उसे समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा जब रेल कर्मियों की लापरवाही के कारण तृतीय श्रेणी में द्वितीय श्रेणी का बोर्ड लगा मिला उक्त बोर्ड लगने के कारण द्वितीय श्रेणी के यात्री तृतीय श्रेणी में सवार हो गए बाद में जब उनको पता चला कि यह तृतीय श्रेणी है तो उन्होंने रेलवे की इस लापरवाही को लेकर जमकर हंगामा खड़ा कर दिया रेलवे सूत्रों के अनुसार उक्त कोच के टिकट निरीक्षक द्वारा यात्रियों को समझाने के बाद एसी द्वातीय मैं शिफ्ट किया गया टीटीई ने इस लापरवाही की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई सूत्रों के मुताबिक जबलपुर के बाद ट्रेन कटनी स्टेशन से सवार होने वाली यात्रियों ने भी जब तृतीय श्रेणी के डिब्बे में एसी द्वितीय श्रेणी का बोर्ड देखा तो वह भी रेलवे की इन अवस्थाओं पर काफी असंतुष्ट रहते हुए। रेल कर्मचारियों की इस लापरवाही का सामना टिकट निरीक्षकों को उस करना पड़ता है जब रेल यात्रियों मैं हंगामा की स्थिति बन जाती है यदि टिकट निरीक्षक अपनी समझदारी से कम ना ले तो वह भी यात्रियों का कोप भाजन बन सकता है बहरहाल जो भी हो महानगरी में रेलवे कर्मियों की इस लापरवाही के कारण गंतव्य यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानियां उत्पन्न हुई।

### बाथरूम जाने के लिए परेशान रहे यात्री

जबलपुर यश भारत। इंदौर से चलकर इटारसी जबलपुर के रास्ते बिलासपुर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस प्यासी जबलपुर पहुंची इस गाड़ी के ह्य1 कोच में पानी न होने के कारण यात्रियों का भी परेशानियों का सामना करना पड़ा अनेक यात्री बाथरूम जाने के लिए परेशान रहे उक्त कोच में पानी न होने के कारण बीच के स्टेशनों पर गाड़ी रुकते हैं प्लेटफार्म पर लगे नल ही यात्रियों का सहारा बने/ गाड़ी के एस वन कोच में दोनों छोर पर लगे नल यात्रियों के लिए मात्र शो पीस बने हुए थे कोच में पानी न होने के कारण यात्रियों रेलवे की इस लापरवाही पर रोष व्यक्त किया।

### खेल में परांगत छात्राओं ने पढ़ाई में दिखाया अपना जोहर

जबलपुर, यशभारत। सी.एम.राईज करौंदी ग्राम स्कूल की बारहवीं कक्षा की दो उत्कृष्ट छात्राओं कुमारी लता ठाकुर और कुमकुम तिवारी को शालेए परिवार के समस्त शिक्षकों एवं छात्राओं की उपस्थिति में सम्मानित किया गया, इन दोनो ही छात्राओं ने शाला की ओर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने के साथ ही बारहवीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर परीक्षा उर्तीण की है। इन की खेल के साथ ही प?ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए शाला के प्राचार्य जी.पी.झारिया, उप प्रचार्य अरविंद एवं व्यायाम निर्देशक (शिक्षक) राकेश श्रीवास के द्वारा दोनो ही छात्राओं को पाँच-पाँच हजार रूपये नगद देकर सम्मानित किया गया। यह संस्कारधानी में पहला अवसर है जब खेल में परांगत छात्राओं को पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करने पर पुरूस्कृत किया गया।

## पौधारोपण, डाक्टर्स एवं सी.ए. का सम्मान किया गया



**जबलपुर, यशभारत।** शहीद स्मारक प्रांगण में लायन्स क्लब जबलपुर सेन्ट्रल द्वारा पौधों का रोपण किया गया। तत्पश्चात् आर.बी. कैफे शहीद स्मारक में डाक्टर्स एवं सी. ए. सम्मानित किए गए। इसमें विक्टोरिया अस्पताल के डॉ. ए. एस. दाहिया सीएमओ इनके द्वारा कोरोना काल में विशिष्ट सेवा कार्य किये गये हैं। इन्हें शाल एवं श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया।

युवा डाक्टर श्रीमती अरुनिमा यादव प्रभारी माधवबाग अस्पताल अहिंसा चौक वरिष्ठ सी. ए. मनोज जैन एवं अनिल अग्रवाल का सम्मान शाल, श्रीफल द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन भरत साहू द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि सत्र 23-24 की हमारी प्रथम गतिविधि है। जिसमें पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया गया है। सचिव लायन गिरीश वर्मा द्वारा बताया गया कि हम इस वर्ष पर्यावरण पर जिसमें आज की आवश्यकता है उस पर विशेष सेवा कार्य निरंतर करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में लायन सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। जिसमें लायन पप्पी खान जोन चेयरपर्सन, कोषाध्यक्ष लायन उमाशंकर सिंह, लायन एम. एम. नेमा, लायन अरविंद झिंगरन, लायन ज्ञान जायसवाल, लायन मथुरा चौबे, लायन राजेश डेंगरा, लायन अनिल पगारिया, लायन धीरेंद्र सिंह, लायन भरत सिंह लोधी, लायन पवन शर्मा, सतवीर सिंह, दया रामलानी उपस्थित रहे। सभा का संचालन लायन प्रकाश नेमा द्वारा किया गया।

## बारिश का 'यलो अलर्ट' नई प्रणालियां सक्रिय

जबलपुर यशभारत। बीते एक सप्ताह से बारिश में ब्रेक के चलते धूप, बादल और नमी से उमस भरी गर्मी का दौर जारी है। गुरुवार को भी मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहा। हालांकि, शाम को शुरु 'हुई बूंदाबांदी का क्रम देर रात तक रुक-रुककर जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार सात जुलाई से जबलपुर जिले सहित सम्भाग में फिर से अच्छी वर्षा के समीकरण बन रहे हैं। इस मानसून सीजन में 257.2 मिमी वर्षा ही हुई है। गत वर्षाकाल में छह जुलाई तक 352.2 मिमी के करीब वर्षा हो चुकी थी। पहले दौर में हुई तीन दिन वर्षा के बाद मानसून कमजोर पड़ गया। मौसम विभाग के अनुसार एक साथ सक्रिय हो रही कई मौसम प्रणालियों का असर जल्द देखने मिलेगा। राजस्थान से मप्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा होते हुए बंगाल की खाड़ी तक द्रोणिका बनी हुई है। इसके अतिरिक्त अलग-अलग स्थानों पर चार अन्य मौसम प्रणालियां बनी हैं। उप्र के मध्य में और दक्षिणी गुजरात पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बने हुए हैं। इस वजह से बंगाल की खाड़ी से नमी मिलने से वर्षा के प्रबल आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग ने सात जुलाई के लिए सम्भाग में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

### रांझी विद्युत मंडल कार्यालय का किया घेराव करते हुए की

## अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ केंट कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

**जबलपुर,यशभारत।** रांझी विद्युत विभाग द्वारा आम जनता के साथ की जा रही अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ केंट कांग्रेस का आक्रोश भड़क उठा। इस दौरान पूर्व केंट बोर्ड उपाध्यक्ष अभिषेक चिंटू चौकसे और युवा कांग्रेस के सोनू गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा रांझी विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव किया गया। प्रदर्शन के दौरान केंट बोर्ड पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक उर्फ चिंटू चौकसे ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा रांझी की आम जनता के साथ अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है और साथ ही अनाप-शनाप बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। केंट कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का निराकरण किया जाए। इस मौके पर



संजू ठाकुर ,अनिल शर्मा ,जगतमानी चतुर्वादी ,नारायण गुप्ता ,मोहन उईके ,के के मिश्रा ,सोहन लाल कटारे ,राहुल गोविंद चौधरी ,जग्गू, आलोक भट्ट सहित बड़ी संख्या में केंट कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# सीएम की सौगातों से अभिभूत हुए संविदा कर्मचारी

**जबलपुर, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 4 जुलाई को भोपाल में आयोजित महासम्मेलन में संविदा कर्मचारियों को दिये सौगातों से समस्त संविदा कर्मचारी प्रसन्न व अभिभूत है। वे आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हमें संविदा जीवन से मुक्ति दिला दी। जिला पंचायत में कार्यरत मनीष पांडे ने कहा कि विगत 15 से 20 वर्षों तक हम संविदा जीवन जी रहे थे, जो हमारे शासकीय जीवन में कलंक की तरह था। संविदा कल्चर समाप्त होने से जबलपुर के सभी संविदा कर्मचारी उत्साहित हैं और हृदय से आभार व्यक्त कर रहें है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सौगातों से वे खुश हैं और प्रदेश को नम्बर वन बनाने में सहयोग देंगे। जिला पंचायत में परियोजना अधिकारी के रूप में पदस्थ कविता पांडे कहती है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हमारे हित में जो घोषणायें की है उसके लेकर वे बहुत उत्साहित हैं और उनके जीवन में यह नया बदलाव लेकर आयेगा। जिला पंचायत के ऑपरेटर पूजा श्रीवास्तव कहतीं है कि मुख्यमंत्री जी की सौगातों से सभी संविदा कर्मचारी खुश हैं। उन्होनें सभी संविदा कर्मचारियों की तरफ से मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत में कार्यरत बबीता कोल कहतीं है कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं से वे बहुत खुश हैं साथ ही उनके परिवार में भी इस बात की खुशी है। प्रदेश के सभी संविदा कर्मचारी इससे लाभांवित होंगे। मुख्यमंत्री की सौगातें हमारे जीवन में मील का पत्थर साबित होंगी। उल्लेखनीय है कि 4 जुलाई का दिन संविदा कर्मचारियों के लिये ऐतिहासिक दिन रहा। इसी दिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संविदा कर्मचारियों के लिये बड़ी सौगातें देकर उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव लाया। मुख्यमंत्री चौहान ने भोपाल में आयोजित महा सम्मेलन में कहा था कि संविदा कर्मचारियों के लिये प्रतिवर्ष होने वाली अनुबंध की प्रक्रिया की समाप्ति के साथ उन्हें नेशनल पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा, 100 प्रतिशत वेतन दिया जायेगा, स्वास्थ्य बीमा का लाभ व अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिलेगा, रिटायरमेंट के समय ग्रेजुएटी, नियमित पदों में भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण, नियमित कर्मचारियों के समान अवकाश व मातृत्व अवकाश मिलेगा, आंदोलन के समय कटा हुआ वेतन वापस होगा व आंदोलन के दौरान दर्ज मामले भी वापस होंगे।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं मिनजानिब कु आसिया बानो पुत्री मो. तौफीक उम्र 26 वर्ष यह घोषणा करती हूं कि मैं विगत 10 वर्षो से म नं 119 राम मनोहर लोहिया वार्ड गंजीपुरा के पीछे सुपर मार्केट जबलपुर में निवास करती हूं। मैं अपने माता पिता एवं समस्त परिवार तथा मुस्लिम धर्म से लगभग 10 वर्षो से दूर हूं। मैंने स्नातक तकशिक्षा ग्रहण की है। मैं न किसी प्रलोभन, बल, प्रतीड़न असम्यक असर से नहीं बल्की अपनी मर्जी से मुस्लिम धर्म से हिन्दू धर्म संपरिवर्तन हेतु जिला मजिस्ट्रेट जबलपुर को सूचना दे दी गई है। मैंने अपना धर्म बदल कर हिन्दू धर्म अपना लिया है। आर्य समाज में अनुष्ठ ान पूजा के माध्यम से मेरा नाम बदल कर आकांक्षा शर्मा हो चुका है।

**परमेश जैन**
**एडवोकेट**
**मो. 9826728119**

### नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं NITIN KUMAR GAUTAM पिता NARENDRA KUMAR GAUTAM पता प्लॉट नंबर 16 न्यू शास्त्री नगर गड़ा जिला जबलपुर का निवासी हूं मेरी दसवीं की अंक सूची में मेरा नाम NITIN KUMAR दर्ज है जोकि अधूरा नाम हैं मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम NITIN KUMAR GAUTAM दर्ज है जो की सही और पूरा नाम हैं। कृपया आज दिनाक से मुझे इसी नाम से जाना जावे एवम पढ़ा जाए।

सही नाम -NITIN KUMAR GAUTAM
गलत नाम -NITIN KUMAR

### नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Mohammad Ayub mansoori पिता मोहम्मद शफी पता मकान नंबर 31/1 नोने लाल की गली गोहलपुर मैन रोड वार्ड 40 डॉक्टर जाकिर हुसैन वार्ड जिला जबलपुर का निवासी हूं मेरे पासपोर्ट क्रमांक J9947541 में मेरा नाम MOHAMMAD AIYOOB लिखा हुआ है जोकि गलत नाम है मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Mohammad Ayub mansoori दर्ज है जो कि सही और पूरा नाम है कृपया आज दिनांक से मुझे इसी नाम से जाना जावे एवं पढ़ा जावे

सही नाम -Mohammad Ayub mansoori
गलत नाम -Mohammad AIYOOB

### खरगोन जिले की पारेषण क्षमता को मिली मजबूती

**जबलपुर, ।** एम पी ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने खरगोन जिले में अपनी ट्रांसफारमेशन क्षमता में बढ़ोत्तरी करते हुए 220 के व्ही सबस्टेशन निमरानी में 160 एम व्ही ए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर को 14.9 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है। इससे 220 के व्ही सबस्टेशन निमरानी की क्षमता बढ़कर 583 एम व्ही ए की हो गयी है तथा खरगोन जिले की ट्रांसफारमेशन क्षमता ब?कर 2073.50 एम व्ही ए की हो गयी है। श्री तोमर ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से खरगोन जिले की

## केंट विधानसभा में लाइट का समस्या का 3 दिन में होगा निराकरण

**जबलपुर, यशभारत।** केंट विधानसभा में कुछ दिनों से बिजली संकट चल रहा है, विधायक अशोक रोहाणी ने बिजली समस्या को संज्ञान में लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें 3 दिन में अधिकारियों द्वारा समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। समस्या के निराकरण न होने पर विधायक अशोक रोहाणी ने कठोर कार्यवाही करने एवं विधानसभा में ध्यानाकर्षण कराने की बात कही। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, श्याम कनौजिया, सचिन जैन सहारा, दामोदर सोनी, आशीष राव, संजय वर्मा, निशांत झारिया, अनुराग



दाहिया, कु. कृष्णा दास चौधरी, सावित्री शाह, पुष्पा तिवारी, संतोषी ठाकुर, वेद महावर, अंकित फ्रांसिस, रिक्की यादव, आशा सिंह, राहुल कपूर, विजय पटेल, सुन्दर अग्रवाल, नीलेन्द्र चटर्जी, आशीष दास चौधरी, हैदर सहित केंट विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रचित सेठी का निधन



जबलपुर। रत्न कॉलोनी गोरखपुर निवासी मनोज सेठी एवम मनीषा सेठी के छोटे सुपुत्र व रोहित सेठी के छोटे भाई श्री रचित सेठी का इंदौर में इलाज के दौरान निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज शाम 4 बजे निज निवास से गुप्तेश्वर मुक्तिधाम प्रवेश करेगी।

### महेश सिंह का निधन फोटा महेश के नाम से



जबलपुर। कृष्ण सिटी कटंगी बायपास निवासी श्री महेश सिंह का 81वर्ष की उम्र में निधन हो गया है आप रितेश वर्मा के पिता थे। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

### न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र.75/अ-6/2023-2024
जबलपुर, दिनांक 6 / 07/ 2023

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संग्राम सिंह पिता सनकादिक सिंह निवासी महाराजा अग्रसेन वार्ड जबलपुर के द्वारा करमेता औरिया रकवा 497 पहनं 78 स्थित भूमि ग्राम औरिया 425/2/2 रकवा 800 व ग्राम औरिया मन 68/3 रकवा 800 वर्गफुट भूमि पर वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने के कारण वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 21/7/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 6/7/2023
पेशी दिनांक - 21/5/2023

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**



भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और एनफोर्समेंट एजेंसियों के साथ बैठक

# विधानसभा चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र कराए जाने पर चर्चा

**भोपाल, यशभारत। भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों को लेकर 3 जुलाई से कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कंवेंशन सेंटर भोपाल में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षकों के साथ चल रही समीक्षा बैठक के अंतिम दिन प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस और पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना के साथ बैठक की। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा निर्वाचन -2023 स्वतंत्र और निष्पक्ष कराए जाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव शामिल हुए। निर्वाचन संबंधी तैयारियों का पावर पॉइंट के माध्यम से प्रजेंटेशन दिया गया।**

बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नीतेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग अजय भादू, वरिष्ठ प्रधान सचिव भारत निर्वाचन आयोग एनएन बुटोलिया, भारत निर्वाचन आयोग के डायरेक्टर जनरल मीडिया बी. नारायणनन, डायरेक्टर स्वीप संतोष अजमेरा, डायरेक्टर भारत निर्वाचन आयोग पंकज श्रीवास्तव, सचिव भारत निर्वाचन आयोग अमित कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह एवं बसंत कुर्रे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




विनोद कुमार अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन, राजेश राजौरा अपर मुख्य सचिव गृह, अजीत केशरी अपर मुख्य सचिव वित्त, मलय श्रीवास्तव अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास, एसएन मिश्रा अपर मुख्य सचिव जल संसाधन, सुखवीर सिंह प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी, श्रीमती दीप्ती गौर मुखर्जी प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन, संजय कुमार शुक्ला प्रमुख सचिव पीएचई, श्रीमती रश्मि अरूण शमी प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा, श्रीमती दीपाली रस्तोगी प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर एवं आबकारी, सुदाम खा? सचिव स्वास्थ्य तथा रघुराज राजेंद्रन सचिव ऊर्जा बैठक में शामिल हुए।

भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि मंडल ने निर्वाचन निगरानी व्यय को लेकर एनफोर्समेंट एजेंसियों के नोडल अधिकारियों साथ भी बैठक की। निर्वाचन के दौरान धन-बल, अवैध शराब और मादक पदार्थो को रोकने के लिए प्रभावी कार्य-योजना बनाकर कार्य करने, बॉर्डर एरिया पर सघन जाँच, सभी एजेंसियां को समन्वय से कार्य करने और आयोग के सभी निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस, आबकारी, इनकम टैक्स, रिजर्व बैंक, फाइनेंसियल इंटेलीजेंस यूनिट, स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी, कस्टम, सीजीएसटी, डॉयरेक्टोरेट ऑफ रेवन्यू इंटेलीजेंस यूनिट, नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नॉरकोटिक्स, स्टेट नॉरकोटिक्स, ईडी, रेलवे आरपीएफ, सीआईएसफ, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, स्टेट सिविल एविऐशन, वन, डाक, परिवहन, ब्यूरो ऑफ सिविल एविऐशन सिक्योरिटी विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया विद्यालय में नव निर्मित कक्षों का किया लोकार्पण

भोपाल(ईएमएस)। विधायक कृष्णा गौर ने महापौर परिषद की सदस्य छाया ठाकुर की उपस्थिति में आनंद नगर शा.उ.मा. विद्यालय में नव निर्मित छ कक्षों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उत्कृष्ठ विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गौर ने महापौर परिषद की सदस्या छाया ठाकुर व जोन अध्यक्ष राजेश चौकसे की उपस्थिति में आनंद नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नव निर्मित 6 कक्षों का लोकार्पण फीता काटकर एवं शिला पट्टिका का अनावरण कर किया। इससे पहले श्रीमती गौर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक गौर एवं ठाकुर ने इस मौके पर विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य सहित अन्य प्राध्यापकगण व बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक मौजूद थे।



## शाहजहानाबाद गेट का प्लास्टर टूटकर गिरा, बाल-बाल बचे कालेज बस में सवार विद्यार्थी

भोपाल, यशभारत। पुराने शहर में स्थित प्राचीन शाहजहानाबाद गेट के ऊपरी हिस्से से प्लास्टर का एक बड़ा टुकड़ा शुक्रवार सुबह टूटकर अचानक नीचे गिर पड़ा। जिस वक्त यह घटना हुई, तब वहां से सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी की बस गुजर रही थी। प्लास्टर का यह टूटा हिस्सा बस के ऊपर आकर गिरा। इस हादसे में बस की खिड़की के पास बैठे विद्यार्थी बाल-बाल बच गए। हादसा सुबह करीब सवा आठ बजे हुआ। गनीमत रही कि जिस वक्त प्लास्टर टूटकर गिरा, तब वहां ज्यादा ट्रैफिक नहीं था। ये प्लास्टर अगर किसी बाइक सवार या पैदल राहगीर पर गिरता तो कोई गंभीर हादसा भी हो सकता था।गौरतलब है कि शाहजहानाबाद गेट अत्यंत जीर्ण-शीर्ण हालत में है। वर्षा के सीजन में ऐसे जर्जर प्राचीन इमारतों के गिरने या टूटने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय रहवासियों ने जिला प्रशासन व नगर निगम से गुहार लगाई है कि उक्त गेट के प्लास्टर को पूरी तरह से हटवाते हुए इसकी नए सिरे से मरम्मत की जाए, ताकि कोई बड़ा हादसा होने से रोका जा सके।

## वाहन चलाते समय हेलमेट या सीटबेल्ट नहीं पहना तो खैर नहीं, आज से यातायात पुलिस का विशेष चेकिंग अभियान

भोपाल, यशभारत। अगर आप दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं लगाते या चारपहिया वाहन ड्राइव करते समय सीट बेल्ट नहीं लगाते तो संभल जाए। प्रदेश भर में यातायात पुलिस शुक्रवार सात जुलाई यानी आज से विशेष चेकिंग अभियान चलाने जा रही है। बगैर हेलमेट या सीट बेल्ट के पकड़े जाने की सूरत में आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है। यातायात पुलिस का यह अभियान आगामी 07 सितंबर तक चलेगा।इस संदर्भ में पीटीआरआइ के एडीजी जी जनार्दन ने भोपाल व इंदौर के पुलिस आयुक्त समेत सभी जिलों के एसपी को पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि 07 जुलाई से 07सितंबर तक विशेष अभियान चलाते हुए ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें, जो यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं।

## सरकार ने महिला कर्मचारियों को दी बड़ी सौगात

■ भोपाल, यशभारत।

**मिलेगा अब अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश**

चुनावी साल में राज्य सरकार ने अपने महिला कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। प्रदेश की महिला कर्मचारियों को अब 20 दिनों का आकस्मिक अवकाश(सीएल) मिलेगा। अब तक इन्हें 13 दिनों का आकस्मिक अवकाश की पात्रता थी। इस का लाभ प्रदेश की ढाई लाख महिला कर्मचारियों को मिलेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर घोषणा की थी कि अब महिलाओं का सात दिनों का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश दिया जाएगा। इस आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को आदेश जारी किए। यह आदेश सभी नगरीय निकाय, पंचायत, निगम- मंडल और आयोग में भी लागू होंगे। वहीं पुरूष कर्मचारियों को पहले की तरह 13 दिनों के आकस्मिक अवकाश की ही पात्रता होगी। संविदा कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। इसकी प्रति उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को भी भेजी गई है ताकि वहां कार्यरत महिला कर्मचारियों को भी राज्य सरकार की यह सौगात मिल सके। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आठ मार्च 2023 को घोषणा की थी।

## चार दिन में जारी होगा राज्य सेवा परीक्षा-2022 का परिणाम

**पदों की संख्या में इजाफा करने की संभावना नहीं**

भोपाल , यशभारत। मप्र राज्य सेवा परीक्षा-2022 का परिणाम चार दिन में जारी होने वाले हैं। वर्तमान में इस परीक्षा के लिए पदों की संख्या में नहीं बढाई जाएगी। मप्र लोकसेवा आयोग ने पूर्व घोषित 457 पदों को दो भागों में बांट दिया है। मुख्य सूची में सिर्फ 405 पदों का रिजल्ट ही जारी किया जाएगा। मालूम हो कि मप्र लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित इस परीक्षा में दो प्रश्नों पर राजनीतिक बखेड़ा भी हो चुका है। 21 मई को आयोजित परीक्षा में 'भारत छोड़ो आंदोलन' और 'राज्य निर्वाचन आयोग की तारीख' पर प्रश्न पूछे गए थे। बाद में दोनों प्रश्न डिलीट कर दिए गए।राज्यसेवा परीक्षा-2022 की अंतिम उत्तरकुंजी 12 जून को ही जारी कर दी गई थी। इस आधार पर मूल्यांकन होकर परिणाम अब तक जारी हो जाना था। प्रश्नों पर विवाद और रिजल्ट में हो रही देरी के बाद अभ्यर्थियों को उम्मीद थी कि शासन परीक्षा में पदों की संख्या बढ़ा



सकता है। दरअसल, चुनावी मौसम में सरकार तमाम मोर्चों पर राहत देने लगी है। पीएससी ने राज्यसेवा में घोषित 457 पदों को ओबीसी आरक्षण के लंबित विवाद के चलते दो भागों में बांट दिया था। 405 पदों को मुख्य सूची में जबकि 52 पदों को प्रावधिक सूची में रख दिया। ऐसे में 52 पदों पर नियुक्ति कोर्ट से आरक्षण विवाद पर अंतिम निर्णय नहीं आने तक नहीं हो सकेगी। इसके चलते अभ्यर्थियों को उम्मीद थी कि सरकार परीक्षा में पदों की संख्या बढ़ा सकती है, ताकि प्रावधिक सूची में गए पदों की भरपाई हो सके। इस पर पीएससी ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल पद बढ़ाने को लेकर शासन की ओर से किसी तरह का कोई प्रस्ताव आयोग को नहीं मिला है। परीक्षा के नतीजे लगभग तैयार हैं। स्क्रूटनी का अंतिम दौर पूरा होते ही परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। इस बारे में एमपी पीएससी के ओएसडी रविंद्र पंचभाई का कहना है कि राज्यसेवा-2022 प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट चार दिन में जारी होने की संभावना है। शल्य क्रिया विशेषज्ञ के इंटरव्यू पूर्ण हो चुके हैं। उसका परिणाम भी दो-चार दिनों में आने की उम्मीद है।

## आयुष चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के लिये पीजी कोर्स की शुरूआत

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश में आयुष चिकित्सा शिक्षा की 3 चिकित्सा पद्धतियों आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी के विस्तार के लिये आयुष विभाग द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में आयुष महाविद्यालयों में 177 सीट पर स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएशन) शिक्षा प्रारंभ कर दी गई है।राज्य के आयुष विभाग को आयुष चिकित्सा के विस्तार के लिये राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में 114 करो? 40 लाख रूपये की राशि प्राप्त हुई थी। राशि का उपयोग चिकित्सा व्यवस्था के उन्नयन में किया गया। पिछले वर्ष शासकीय आयुर्वेद फॉर्मेसी ग्वालियर द्वारा एक करो? 36 लाख रूपये और शासकीय यूनानी फॉर्मेसी भोपाल द्वारा 71 लाख रूपये की औषधियों का उत्पादन किया गया। मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम में मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में मलेरिया प्रतिरोधक औषधि मलेरिया ऑफ-200 का वितरण दो चरण में किया गया। पिछले वर्ष प्रदेश भर में करीब एक करो? 50 लाख रोगियों का उपचार आयुष चिकित्सा पद्धति से किया गया।भोपाल के नेहरू नगर स्थित आयुष परिसर में स्वशासी यूनानी महाविद्यालय परिसर में 180 बिस्तरीय बालिका छात्रावास का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। कार्य पूरा होने पर अध्ययनरत बालिकाओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।




## स्कूल टाइम में साड़ियां खरीद रही थी शिक्षिकाएं

**शिक्षिका का काटा वेतन, प्राचार्य की रोकी वेतन वृद्धि**

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के सूरज नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में शिक्षिकाएं पढाई के समय में साडियां खरीद रही थी। तभी कलेक्टर आशीष सिंह पहुंच गए । उन्होंने जमकर फटकार लगाते हुए शिक्षिका का एक दिन का वेतन काटने और स्कूल प्राचार्य की रोकी वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) अंजनी कुमार त्रिपाठी से कहा शिक्षिका वर्षा दुबे का एक दिन का वेतन काटें और प्राचार्य वंदना उपाध्याय की वेतन वृद्धि रोकें। कलेक्टर रातीबड़, कोटरा सुल्तानाबाद स्कूल व एक आंगनबाड़ी भी पहुंचे, वहां भी उन्हें प्राचार्य, शिक्षक, आगनबाड़ी कार्यकर्ता गायब मिलीं। जिन पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1074 में 80



पंजीकृत बच्चों में से केवल 13 बच्चे ही उपस्थित थे। उनका रिकार्ड भी नहीं मिला, जवाब भी संतुष्टि संतोषजनक नहीं था। जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा जाटव की सेवा समाप्ति करने के निर्देश दिए। कोटरा सुल्तानाबाद के शासकीय उमावि के निरीक्षण में दो शिक्षक अवकाश पर मिले, तीन शिक्षक किसी अन्य कार्य में लगे थे। प्राचार्य रंजना सक्सेना व कर्मचारी राजेश शुक्ला बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। जिस पर एक दिन का वेतन काटने और वेतन वृद्धि रोकने के लिए नोटिस जारी जारी करने के निर्देश दिए।शासकीय उमावि रातीबड़ के शिक्षक हेमंत श्रीवास्तव एक जुलाई से बिना सूचना के अनुपस्थित थे। भृत्य विजय सिंह परिहार के खिलाफ स्कूल में किसी भी काम में सहयोग नहीं करने की शिकायत मिली, दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। भृत्य सच मोहन वर्मा द्वारा भी विद्यालय में असहयोग करने के कारण एक दिन का वेतन काटने और वेतन वृद्धि रोकने के रोकने और प्राचार्य शशि सिंह के द्वारा प्रभावी नियंत्रण नहीं किए जाने के कारण वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

## अब स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल से आन लाइन बनवा सकेंगे आयुष्मान कार्ड

भोपाल यशभारत। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पोर्टल लिंक https:// bis.pmjay .gov.in/BIS/selfprintCard के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बना सकते है। इस लिंक पर जाकर सर्वप्रथम आपको आधार का ऑप्शन चुनना है। आधार का ऑप्शन चुनने के बाद उसमें स्कीम पर PMJAY (पीएमजेएवाई)चयन कर, राज्य का चयन करे (मध्यप्रदेश चुनेंगे) तदुपरांत अपना आधार नंबर डालेंगे। आधार नंबर डालने के बाद जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है उस पर ओटीपी आएगा और उस ओटीपी को पोर्टल पर दर्ज कर देंगे आपका आयुष्मान कार्ड बन जाएगा। अगर उपरोक्त पोर्टल पर आपका नाम दर्ज नहीं है।

थाने में आनलाइन धोखाधड़ी के दो मामले

## दूर का रिश्तेदार बनकर खाते से उड़ाए 59 हजार

■ भोपाल, यशभारत।

जालसाज ने एक व्यक्ति को उसका दूर का रिश्तेदार बताकर फोन पर बात की और समस्या बताकर क्यूआर कोड भेजकर खाते से 59 हजार रुपए उडा दिए। यह मामला है हनुमानगंज थाना क्षेत्र का। यहां पुलिस ने आनलाइन धोखाधड़ी के दो मामले दर्ज किए हैं। दूसरे मामले में चेकबुक जारी करने के नाम पर ठगी की गई।



हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक न्यू कबाड़खाना क्षेत्र में रहने वाले अब्दुल हफीज के पास 15 जुलाई 2022 को मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले स्वयं को उसके गांव में रहने वाला रिश्तेदार बताया। साथ ही बोला कि उसके मोबाइल से पैसे ट्रांसफर नहीं हो रहे हैं, अपने खाते में मेरे 15 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लो। उसने एक रुपया भेजा, जो नहीं पहुंचा। इसके बाद उसने एक नंबर भेजकर बोला कि इस पर ओके लिखकर भेज दो। इसके बाद उसने पैसे रिसीव करने के लिए वाट्सएप पर क्युआर कोड भेजा। उसे स्कैन करने बाद कोड डालने के लिए कहा। स्कैन करते ही अब्दुल हफीज के खाते से तीन बार में 24995, 24995 और 8997 करके 58,990 रुपये कट गए। उसके बाद जालसाज ने फोन उठाना बंद कर दिया। पीडि़ति ने जब गांव के रिश्तेदार से फोन पर बात की, तो उसे ठगी का पता चला। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर जालसाज की तलाश कर रही है। उधर वाजपेई नगर, न्यू मल्टी ईदगाह हिल्स निवासी रामानंद पाचोरे निजी काम करते हैं। उनके पास 12 जनवरी 2023 को दोपहर डेढ़ बजे अनजान मोबाइल नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने बोला कि आपने चेकबुक के लिए आवेदन किया था, उसे जारी करने के लिए आनलाइन दो रुपये जमा करना होंगे।

## अब मोबाइल एप से भी किसान घर बैठे कर सकेंगे फसल का विक्रय

भोपाल, यशभारत। किसानों को कृषि उपज विपणन के क्षेत्र में अभिनव कदम उठाते हुए मोबाईल एप के माध्यम से अपनी कृषि उपज का विक्रय अपने घर, खलिहान, गोदाम से कराने की सुविधा प्रदान की गई है। सर्वप्रथम किसान अपने एंड्राइड मोबाईल पर प्ले स्टोर में जाकर मंडी बोर्ड भोपाल का मोबाईल एप [illegible] डाउनलोड करना होगा तथा एप इंस्टाल कर कृषक पंजीयन पूर्ण करना होगा। फसल विक्रय के समय किसानों को अपनी कृषि उपज के संबंध में मंडी फसल, ग्रेड-किस्म, मात्रा एवं वांछित भाव की जानकारी दर्ज करना होगा। किसानों द्वारा अंकित की गई समस्त जानकारियां चयनित मंडी के पंजीकृत व्यापारियों को प्राप्त हो जाएगी तथा प्रदर्शित होगी।

## भेल के सेवानिवृत्त अधिकारी से डेढ़ करोड़ की ठगी

**बहुराष्ट्रीय कंपनी में नौकरी के नाम आनलाइन**

■ भोपाल, यशभारत।

अयोध्या नगर इलाके में रहने वाले भेल के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के साथ नौकरी के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपये की आनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपितों ने सेवानिवृत्त अधिकारी को सेवानिवृत्ति के बाद एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर रकम को हड़प लिया। बाद में आरोपितों ने फोन बंद कर लिया। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कराई है, जहां से केस डायरी जीरो पर अयोध्या नगर थाने पहुंची और इस मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं में तीन व्यक्तियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है, जो उनको बार-बार फोन करते थे।अयोध्या नगर थाने के एसआइ गौरव सिंह ने बताया कि मूलतःकोलकाता, पश्चिम बंगाल के रहने वाले 65 वर्षीय अभिजीत सिन्हा भेल कारखाने से सेवानिवृत्त हैं। वह भोपाल में मिनाल रेजीडेंसी में रहते हैं। सेवानिवृत्?त होने के बाद अपने लिए नौकरी की तलाश कर रहे थे। इसके लिए वह अलग- अलग वेबसाइट पर अपना बायोडाटा अपलोड करते रहते थे। इसी दौरान 29 अक्टूबर 2022 को जब वह अपने मिलन रेजीडेंसी वाले मकान पर थे, तब उनके पास एक फोन आया। फोन करने वाले शख्स ने उनसे नौकरी से संबंधित बात की और उसके बाद उनसे चर्चा के बाद उन्होंने काफी के कारोबार से जुड़ी एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी का प्रस्ताव दिया1 इस पर वह उनसे तमाम तरह से वहां से रुपये मांगने लगा और वह उसके झांसे में आ गए। उन्होंने कई किस्तों में उसे जून 2022 तक करीब डेढ़ करोड़ रुपये दे दिए। इसके बाद जब नौकरी नहीं मिली तो उन्होंने उससे रकम वापस मांगी। इस पर उसने उनसे कहा कि वह उनकी पूरी रकम को नौकरी ज्वाइन के समय वापस कर देगा। लेकिन उसने उसके बाद से मोबाइल बंद कर लिया और तमाम संपर्क उनसे खत्म कर लिए।




अभिजीत सिन्हा ने रुपये देने की शुरुआत भोपाल से की थी और बाकी रकम पश्चिम बंगाल से भी दी है। अब पुलिस उनके बैंक से संबंधित जानकारी निकलकर आरोपितों की तलाश में लग गई है।

## आयुष विभाग के कर्मचारी को घूस लेते रंगे हाथ दबोचा

■ भोपाल, यशभारत।

आयुष विभाग के एक कर्मचारी को लोकायुक्त पुलिस ने घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। लोकायुक्त टीम ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए छात्र को रुपये लेकर कर्मचारी के पास भेजा। छात्र ने कर्मचारी को जैसे ही रुपये दिए, पहले से कमरे के बाहर खड़ी टीम ने कार्रवाई कर दी। कर्मचारी ने छात्र से इंटर्नशिप के नाम पर ढाई हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। छात्र ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त मनु व्यास से की। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली है। निरीक्षक रजनी तिवारी ने बताया कि लक्ष्मण सिंह लोधी और भूपेंद्र त्रिपाठी वीणा वादिनि आयुर्वेदिक कालेज कोलार रोड भोपाल से बीएएमएस की पढ़ाई कर रहे हैं। चार साल का कोर्स पूरा होने के बाद आयुर्वेदिक यूनानी प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड (आयुष विभाग) में इंटर्नशिप के

**छात्र से इंटर्नशिप के नाम पर मांगी थी रिश्वत**

लिए रजिस्ट्रेशन कराना होता है। इसके लिए 30 जून को दोनों छात्रों ने फार्म दिया था। कार्यालय में अधिकारी सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ चंदन रामसनेही तिवारी (49) पुत्र हीराराम रामसनेही तिवारी ने तुरंत रजिस्ट्रेशन करने के नाम पर 2500 की रिश्वत मांगी। भूपेंद्र ने 2500 दे दिए तो उसका रजिस्ट्रेशन हो गया। लक्ष्मण ने रुपये देने से मना किया तो उसका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ। 4 जुलाई को लक्ष्मण व भूपेंद्र ने लोकायुक्त कार्यालय में पुलिस अधीक्षक मनु व्यास से शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पांच जुलाई को दोपहर करीब 12ः30 बजे योजनाबद्ध तरीके से फरियादी को रुपये के साथ भेजा गया। इसके बाद लोकायुक्त टीम ने कार्यालय रूम में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने चंदन के साथ गोपाल राहुल (35) पुत्र नंदलाल राहुल के खिलाफ भी कार्रवाई की है। गोपाल ने ही फरियादियों से तत्काल रजिस्ट्रेशन के लिए चंदन को रिश्वत देने के लिए कहा था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली है।

## एक सैकड़ा सी.एन.जी चलित कचरा वाहन कचरा एकत्रीकरण कार्य में हुए शामिल

भोपाल,यशभारत। नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था, कचरा एकत्रीकरण एवं निष्पादन की व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ बनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में डोर-टू-डोर कलेक्शन की व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने हेतु बुधवार को एक सैकड़ा कचरा वाहन निगम के सफाई कार्य में शामिल हो गए। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने महापौर श्रीमती मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी की उपस्थिति में उक्त वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर लोकार्पित किया। यह वाहन यूनिडो द्वारा कचरा कलेक्शन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु उपलब्ध कराए गए अनुदान के माध्यम से खरीदे गए है। इन वाहनों के निगम वाहन बेड़े में शामिल होने से स्वच्छता कार्यो को गति मिलेगी और प्रदूषण को कम करने में भी सहयोग मिलेगा तथा प्रति माह लगभग 28 लाख रुपये के ईंधन की बचत भी होगी।

## निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के कार्य तीव्र गति से पूर्ण करें

भोपाल यशभारत। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने नई जेल रोड स्थित गोंदीपुरा में मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण कार्यो का जायजा लिया और प्रचलित एवं प्रस्तावित कार्यो के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त चौधरी ने निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के पी.सी.सी कार्य, पुटिंग कार्य सहित फाउंडेशन कार्यो का अवलोकन किया तथा शेष प्रस्तावित कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत पुराने शहर के विभिन्न मार्गो की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त एम.पी.सिंह, अधीक्षण यंत्री आर.के.सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने बुधवार को शहर को साफ, स्वच्छ रखने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के निर्धारित मापदण्डों अनुसार स्वच्छता की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दृष्टिगत नई जेल रोड स्थित गोंदीपुरा में मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण कार्यो का जायजा लिया।

# अंजलि काम्पलेक्स के आवास जर्जर ,तत्काल रिक्त कराने नोटिस जारी करें

**महापौर श्रीमती मालती राय ने निरीक्षण कर दिए निर्देश**

■ भोपाल, यशभारत।

महापौर श्रीमती मालती राय ने निर्देशित किया है कि बी.डी.ए के अंजलि काम्पलेक्स के 152 जर्जर भवनों को रिक्त कराने हेतु तत्काल नोटिस जारी करें और मेनिट के विशेषज्ञों से भी इसकी जांच कराए। महापौर श्रीमती राय ने उक्त निर्देश भोपाल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी व उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल लिली के साथ सेकण्ड स्टॉप स्थित अंजलि काम्पलेक्स के जर्जर भवनों का अवलोकन करते हुए दिए। महापौर श्रीमती राय ने बी.डी.ए के पदाधिकारियों से कहा कि वह अंजलि काम्पलेक्स के रहवासियों का रहवासी कल्याण समिति (आर.ए.डब्ल्यू) बनाकर जर्जर भवनों को गिराने की कार्यवाही करें तथा इन्हें पुनः निर्मित कर रहवासियों को पुनः आवंटित किए जाए। महापौर श्रीमती मालती राय ने बुधवार को अंजलि काम्पलेक्स के जर्जर भवनों का निरीक्षण किया और जर्जर भवनों की स्थिति एवं रहवासियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा के दृष्टिगत जर्जर भवन रिक्त कराने हेतु तत्काल रहवासियों को नोटिस जारी करने तथा मेनिट के संरचना विशेषज्ञों से इसकी जांच कराने के भी निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने बी.डी.ए के पदाधिकारियों/अधिकारियों से कहा कि अंजलि काम्पलेक्स के रहवासियों की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत जर्जर भवनों को तत्काल तोड़कर पुनः निर्माण कराए और रहवासी कल्याण समिति का गठन कर आवास निर्माण उपरांत रहवासियों को पुनः आवास आवंटित करने की कार्यवाही की जाए। महापौर श्रीमती मालती राय के निर्देश पर मेनिट को पत्र लिखने तथा रहवासियों का आवास रिक्त करने हेतु नोटिस आदि जारी करने की कार्यवाही की जा रही है।



## पुलिस आयुक्त ने राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक ली

भोपाल, यशभारत। आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की आज कमिश्नर कार्यालय मे बैठक ली गई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी एवं समस्त डीसीपी, एडीडीएल, एसीपी, टीआई, व अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।पुलिस आयुक्त मिश्र ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना हम सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस दौरान लाईन ऑर्डर ड्यूटी, अपराध नियंत्रण, शांति व सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि चुनौतियां रहेगीं(

# हिम्मत देखिए...

# पहले नर्सरी के किनारे लगाया पहाड़ सा ढेर

## अब बनने लगा बीचों–बीच रास्ता

### अधिकारियों को खदान झांकने की फुर्सत नहीं एसडीएम को सौंपी शिकायत



**भड़क उठे पंचायत पदाधिकारी मौके में बनाया पंचनामा पुलिस के सुपुर्द किया वाहन**

### महिला सरपंच की शिकायत पर नहीं हो रही सुनवाई

**गोसलपुर, यशभारत।** तहसील मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर संचालित ग्राम पंचायत गांधीग्राम के आश्रित ग्राम रामपुर के समीप स्थित शासकीय नर्सरी के बाजू से संचालित जकोडिया माइंस के संचालक की हिम्मत देखिए की पहले तो नियम कायदों को रौंदते हुए खदान संचालक ने खदान से निकलने वाला ओवरबर्डन का ढेर नर्सरी के किनारे से लगा दिया जिसमें अनेक लहलहाते पेड़ पौधे ढेर में दफन हो गए अनेक पेड़ों को जेसीबी के माध्यम से गिरा दिया गया जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत गांधीग्राम की सरपंच राधा चौरसिया द्वारा तहसील व जिले के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को महीने भर पहले की जा चुकी थी इसके बावजूद भी किसी अधिकारी को इस गलत काम को रोकने व देखने की फुर्सत नही मिली

### पेड़ कैसे बच पाएंगे

अधिकारियों की अनदेखी के चलते जिसका नतीजा यह हुआ की मंगलवार की रात से चोरी-छिपे जकोडिया माइंस के संचालक द्वारा नर्सरी के बीचो बीच एन.एच.30 से खदान को आने जाने के लिए मुरम डालकर रास्ता बनाया जा रहा था रास्ता बनाने के लिए न ही किसी विभाग से प्रशासनिक स्वीकृति ली गई और न ही स्थानीय ग्राम पंचायत को सूचित किया गया मनमर्जी से नर्सरी के बीच से रास्ता बनाने का दंबगई से चालू हो गया हाईवा जेसीबी से सड़क पर मुरूम डाली जा रही थी बुधवार को मामले की जानकारी जैसे ही ग्राम ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों को लगी समस्त पदाधिकारी तुरंत कार्यस्थल पर पहुंचकर विरोध प्रकट किए एवं तीखी आपत्ति जताई साथ ही मौके पर पंचनामा तैयार किया गया उक्त सड़क के काम में लिप्त जेसीबी एवं तीन हाईवा को पुलिस थाना गोसलपुर के सुपुर्द किया गया कार्यस्थल पर पंचायत पदाधिकारियों व खदान कर्मचारियों के बीच काफी बहस भी हुई मौके पर गोसलपुर पुलिस ने पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाइश देते हुए मामले को शांत कराया स्मरण रहे की गत दिवस दैनिक भास्कर के अंक पर प्रमुखता से यह खबर छापी गई परंतु तहसील व जिले का खनिज महकमा इतनी गहरी नींद में लीन है की खबर छपने के बाद व शिकायत के महीनों बीत जाने के बावजूद भी किसी अधिकारी केपास खदान में झांकने की फुर्सत नहीं मिली ग्राम की जनपद सदस्य अनीता राजेश त्रिपाठी मोहनलाल चौरसिया का कहना है की इससे अंदाजा लगायाजा सकता है की पेड़ों को बचाने प्रशासनिक अधिकारियों की कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है वही इस अनैतिक कार्य करने वाले खदान संचालक के खिलाफ किसी भी अधिकारी द्वारा कार्यवाही करने की जेहमत नही जुटा पाये अफसरो के इस संदेहास्पद रवैये से लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है लोगों का आरोप है की यह सब अधिकारियों की मिलीभगत से संचालित हो रहा है।

### इनका कहना है.

गांधीग्राम में संचालित जकोडिया माइंस की शिकायत के संदर्भ में हल्का पटवारी को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है अभी प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ।

**पूजा भौरहरी**
**तहसीलदार सिहोरा**

खदान संचालक द्वारा गलत तरीके से ग्राम पंचायत की शासकीय नर्सरी के बीच से पहुंच मार्ग बनाया जा रहा है जिसमे पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा रोक लगाई गई

**अनिल दत्त तिवारी**
**सचिव ग्राम पंचायत गांधीग्राम**

सूचना मिलने पर हम लोग कार्यस्थल पर पहुंचे सरपंच ने आरोप लगाया है की खदान संचालक गलत तरीके से सड़क बना रहा है मौके में सड़क काम में लगे तीन हाईवा एक जेसीबी को थाने में खड़ा कर दिया गया है कार्यपालक दंडाधिकारी के समक्ष धारा 133 के तहत इस्तगासा भी पेश किया गया है मामले की जांच की जा रही है वैधानिक कार्रवाई की जावेगी

**अनिल मिश्रा एसआई**
**पुलिस थाना गोसलपुर**



# अघोषित बिजली कटौती से बेलखाडू क्षेत्र के ग्रामीण परेशान

### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**बेलखाडू, यशभारत।** बेलखाडू सब स्टेशन के अंतर्गत इन दिनों अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। दिन में कई बार बिजली गुल होती हैं जरा सी बारिश हुई और घंटों बिजली गुल रहने से कई काम काज ठप पड़े रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार बिजली सप्लाई बिना कोई सूचना के ही कटौती की जा रही है। बिजली की सप्लाई न मिलने से कई व्यापारी व कई बिजली उपभोक्ता परेशान है और कई बार तो कई जगह की रात भर लाइट बंद रहती हैं लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं देते बेलखाडू सब स्टेशन से मोहास बिलखरवा हरदुआ खैरी बघोडी बघोड़ा सिमरिया आदि ग्रामों में विद्युत सप्लाई की जाती है। हर समय बिना कोई सूचना के कई घंटों बिजली गुल रहती है। और जिम्मेदार ग्रामीणों का फोन भी रिसीव नहीं करते आए दिन रात में एवं दिन में अघोषित कटौती से कई दुकानदारों व बिजली उपभोक्ताओं को दिक्कत होती रहती है एक तरफ उमस भरी गर्मी और बारिश का मौसम तो दूसरी तरफ बिजली से संबंधित कई काम काज लोगों का बिजली कटौती से जीना दुश्वार कर दिया है। ऐसे में बिजली का न होना मुसीबत बढ़ा देता है। यही नहीं कभी-कभी सुबह के समय बिजली गुल रहने से पानी की विकट समस्या खड़ी हो जाती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्युत की समस्या का समाधान कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई जाए।

# रचित चौरसिया बने प्रदेशाध्यक्ष



**सिहोरा, यशभारत।** भारतीय हिन्दू अटल फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला ने खितौला सिहोरा के रचित चौरसिया को भारतीय अटल हिन्दू फाउंडेशन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। चौरसिया शीघ्र ही प्रदेश के जिलाध्यक्षों की घोषणा करेंगे।उनकी नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी सिहोरा परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

# नपा पनागर द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में भाजपा पार्षदों ने जताया विरोध

### दुकानों के आवंटन में लगाया धांधली का आरोप, दी आंदोलन की चेतावनी



**पनागर, यशभारत।** नगर पालिका परिषद पनागर में भाजपा पार्षदों के साथ किये जा रहे सौतेले व्यवहार और भेदभाव पूर्ण कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सीएमओ, अध्यक्ष सहित अधिकारियों पर मनमानी एवं नियम विरुद्ध कार्य करने का आरोप पार्षदों ने लगाया,पनागर के सभी भाजपा पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जांच कराने की मांग की है। पार्षद मुकेश बंशकार ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा निरस्त की गई दुकान नंबर 7, 8, और 18 नंबर की दुकान जो पूर्व में आवंटित लोगों द्वारा किराया न देने की स्थिति में निरस्त कर दी गई थी,दरसल नगर पालिका ने उन दुकानों की नीलामी के लिए 14 जून को निविदाओं का प्रकाशन करने निविदाएं दी थीं, निविदा में 20 जून तक बंद लिफाफे रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा किया जाने का उल्लेख था, साथ ही 30 जून शाम 4 बजे निविदा खोला जाना था, उक्त निविदा को 10 दिन बाद 24 जून को निविदा का प्रकाशन किया था,बजरंग वार्ड के पार्षद दीपांशु नामदेव ने बताया कि नगर पालिका में कर्मचारियों को फोन लगाने पर वो फोन नही उठाते हैं, वार्ड में गंदगी फैल रही है, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितेषी योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं उनके क्रियान्वयन में लीपापोती की जा रही है, अनाप शनाप बिल लगाकर शासन की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है, मुख्यमंत्री द्वारा प्रसारित किए जाने वाले सीधे प्रसारण के समय अधिकारी नदारद रहते हैं,पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच कराने की मांग की है साथ ही उचित कार्यवाही न किये जाने पर भाजपा मंडल के साथ आगामी दिनों में नगर पालिका परिषद का घेराव किया जाएगा पार्षद मुकेश बंशकार,दीपांशु नामदेव,प्रियंका शर्मा,रश्मि विश्वकर्मा,शिवकुमारी बंशकार,राजकमल रजक,जागेश्वर शर्मा,राजा पांडे सहित अन्य जन उपस्थित रहे

## जिला सहकारी बैंक के हाल बेहाल

# कैश की किल्लत किसान परेशान

गोसालपुर, यशभारत। जबलपुर जिले के अंतर्गत सिहोरा तहसील के गोसलपुर नगर मे संचालित जिला सहकारी ग्रामीण बैंक मे काफी लंबे समय से कैश की समस्या से किसानों को भरपूर कैश नहीं मिल पा रहा है स्मरण रहे की इस समय शासन द्वारा स्थापित उपार्जन केंद्रों में किसानों ने अपनी गेहूं की उपज तुलवाई थी जिसका भुगतान किसानों के खाते में पहुंच चुका है जिसे निकलवाने किसान जिला सहकारी बैंक शाखा गोसलपुर के प्रतिदिन अपना खेती का काम छोडकर चक्कर काट रहे हैं और अपना दिन खराब कर मायूस होकर बैरंग लौट रहे है एक दिन में बड़ी मुश्किल से 50 हजार मिलते हैं भरपूर कैश न मिलने से किसानों को परेशान होना पड़ता है जहां एक ओर किसानों के जिला सहकारी बैंक मे खाता खुलवाने के लिए निर्देश दिया जा रहा है परंतु इस बैंक मे जिला सीमित स्टाफ व आवश्यक संसाधनों की कमी इस बैंक के खाता धारियों के लिए बेतहाशा परेशानी का कारण बनी है बिजली बंद होने से शाखा में घुप्प अंधेरा छा जाता है साथ ही आये दिन सर्वर की खराबी के चलते लेन देन में व्यवधान पैदा होता है बैंक परिसर मे ग्राहकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था तक नही की गई और ना ही किसानों को धूप से बचने की बेहतर व्यवस्था की गई मजबूरी मे किसान ऐसे ही बैंक में घंटों बैठने और लाइन में खड़े होने के लिए मजबूर रहता है।

# आदिवासी समाज ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

### सीधी मामले ने मानवता को किया शर्मशार



**सिहोरा, यशभारत।** संपूर्ण आदिवासी समाज ने महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर विगत दिवस सीधी में आदिवासी युवक पर पेशाब करने वाले विधायक प्रतिनिधि के ऊपर एससीएसटी सहित अन्य कार्रवाई करने संबंध में ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि सीधी के विधायक केदारनाथ शुक्ला के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला द्वारा एक आदिवासी युवक पर पेशाब करने का वीडियो वायरल हुआ है। उक्त कृत्य अमानवीय होने के साथ मानवता को शर्मसार करने वाला है अतः दंडात्मक कार्यवाही की जावे। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि विगत दो-तीन वर्षो से भाजपा शासनकाल में आदिवासियों के विरुद्ध अन्याय एवं अत्याचार हो रहे हैं निकटतम पुलिस थाना द्वारा उन पर एफआईआर दर्ज करने में हीलाहवाली की जा रही थी सभी मामलों पर संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जावे ।उक्त प्रकरण में अगर सरकार द्वारा किसी तरह की लापरवाही या कोताही बरती गई और पीड़िता को न्याय एवं अपराधी को उचित दण्ड नहीं दिया गया तो आदिवासी समाज सम्पूर्ण प्रदेश में आंदोलन करने के लिये बाध्य होगा ।जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी । इस अवसर पर गोपाल प्रसाद कोल,के एल रैदास, सुरेश बैगा,जानकी कोल,किशन चौधरी,लोकेन्द्र बेन, किरण कोल,बबीता गोटिया,बसंती तेकाम, दीपा, जमुना प्रेमलता बैगा आदि उपस्थित रहे।

# ऋण जमा करने के बावजूद भी डिफाल्टर बना किसान

**तेंदूखेड़ा यशभारत।** एक तरफ जहां किसानों के ही शेयरों से ही सहकारी समितियों का गठन किया गया है, आगे उन्हीं को खाद, बीज, से लेकर नगद ऋण या उपार्जन जैसी शासन की अतिमहत्वाकांक्षी योजनाओं के लाभ के साथ सरकार स्वयं शून्य प्रतिशत पर ब्याज और ऋण माफी योजनायें चला कर किसानों को डिफाल्टर घोषित होने से बचा रही है। लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत सहकारी समिति रम्पुरा में किसान द्वारा अपने ऋण की राशि जमा करने के उपरांत उसे डिफाल्टर बना दिया, जिसे लेकर किसान द्वारा लगातार वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने के बाद जब उसे न्याय नहीं मिला तो उसने पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार खमरिया बरांझ के प्रतिष्ठित कृषक दशरथ प्रसाद शर्मा ने सहकारी समिति रम्पुरा में सेल्समैन मुलायम सिंह पटेल को 16 अप्रैल 2018 में ही 76350 रुपए जिसकी बुक क्रमांक 4380 एवं रसीद क्रमांक 437909 के अनुसार जमा किए गए थे। शासन द्वारा ऋण माफी के तहत जो 65 हजार का ऋण लिया गया था, उसे जमा करने जब जिला सहकारी बैंक पहुंचे तो वहां शाखा प्रबंधक ने स्पष्ट किया कि आपकी पुरानी ऋण राशि 76350 रुपए अभी बाकी पड़े हुए हैं। जमा नहीं हुये है, आपके द्वारा निर्धारित समय में श्रण अदायगी नहीं की है इसलिए आप डिफाल्टर की श्रेणी में आ गये हैं, और यह राशि बैंक में जमा नहीं दिख रही है। लेकिन कृषक दशरथ प्रसाद शर्मा ने शाखा प्रबंधक को बताया कि उनके द्वारा तो यह राशि तो संबंधित सहकारी समिति रम्पुरा में सेल्समैन मुलायम सिंह पटेल के पास जमा कर दी गई है और ऋण पुस्तिका में दर्ज भी कराई है।कृषक दशरथ प्रसाद शर्मा ने बताया कि 14 जून 23 के बाद से वे लगातार बैंक शाखा तेंदूखेड़ा एवं फोन पर नरसिंहपुर जिला शाखा में संपर्क किया एक आवेदन एस डी एम तेंदूखेड़ा को भी दिया। सेल्समैन से भी चर्चा की लेकिन उसके द्वारा राशि जमा करने का बोला जा रहा है। कृषक की शिकायत पर 30 जून को नरसिंहपुर से अधिकारी भी आये लेकिन क्या कार्यवाही की गई नहीं बताया फिर जांच का हवाला देकर अगले शुक्रवार, शनिवार को आने का कहा गया लेकिन दो सप्ताह बाद भी कोई नहीं पहुंचा। कृषक का कहना है कि 16 अप्रेल को 437909 रसीद क्रमांक की राशि रिकार्ड में जमा नहीं है जबकि इसी तारीख में रसीद क्रमांक 437909 में दूसरे कृषक की राशि जमा बता रही है। शाखा प्रबंधक भी कोई संतोषजनक जबाब नहीं दे रहे हैं।



प्रतिष्ठित कृषक दशरथ प्रसाद शर्मा ने बताया कि जब सेल्समैन मुलायम सिंह पटेल और जिला सहकारी बैंक की शाखा तेंदूखेड़ा में प्रबंधक और नरसिंहपुर में चर्चा करने के बाद बात नहीं बनी तो तेंदूखेड़ा पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई पुलिस ने शिकायत क्रमांक 437/2023 के तहत दर्ज करते हुए मामला बैंक से संबंधित होने के कारण धारा 424 भादवि के तहत पैमाईश नालिस दी जाकर मामले का निराकरण बैंक से ही कराने की सलाह दी गई है।सहकारी समितियों में अभी भी ऑफलाइन व्यवस्था है, आनलाइन व्यवस्था ना होने की स्थिति में किसानों को जहां शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी नहीं लग पाती है वहीं बीमा योजना, पूर्व में 10 प्रतिशत खाद में छूट आती थी उसका लाभ, ब्याज माफी योजना के लाभार्थी किसानों की सूची भी सार्वजनिक होनी चाहिए। इन सोसायटियों में बड़े कृषक जो खातेदार है, जिनके द्वारा खाद बीज नहीं लिया जाता है उनके नाम से खाद बीज निकालकर छोटे जरुरत मंद कृषकों को कमीशनखोरी के चलते पीछे के गेट से उपलब्ध कराये जाने जैसे गोलमाल भी चलते रहते हैं इन पर विराम लगाने की महती आवश्यकता है।

# बायपास से निकल रही बसें यात्री हो रहे परेशान

**गोसलपुर, यशभारत। जबलपुर से कटनी की ओर एवं कटनी से जबलपुर की ओर चलने वाली प्राइवेट बसे इस समय काफी लंबे समय से पहले जैसे बस्तियों से न निकल कर हाइवे के बायपास से निकल रही हैं जिस कारण सवारियों को अनेक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं बच्चों व दिव्यांग जनों को हो रही है जबकि पूर्व में सवारी बसें गोसलपुर कछपुरा जुझारी बुढागर होकर गुजरती थी परंतु विगत कुछ वर्षों से देखते ही देखते सभी प्राइवेट बसों ने जिम्मेदारों की चुप्पी के कारण बायपास से आवागमन का रुख अख्तियार कर लिया है जिस कारण बस्ती की सवारियों को गंतव्य की ओर जाने के लिएबायपास जाना पड़ता है सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को रात्रि कालीन एवं बारिश के समय अत्यधिक कठिनाई से जूझना पड़ता है।**



**जिम्मेदार बेखबर वसूल रहे मनमाना किराया महिलाएं परेशान**

उक्त आशय की शिकायत क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी जा चुकी है फिर भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है क्षेत्रीय जन दीपक पटैल कमल पटेल गुलाब सिंह मरकाम श्याम सिंह लोधी युद्धवीर पटेल संतु राजभर मनीष पटेल नरेश पटैल मुकेश मोटवानी लटोरी साहू अमित जैन ने बताया की जबकि प्राइवेट प्राइवेट बसों के परमिट परिवहन विभाग द्वारा बस्तियों की आंतरिक सड़कों से गुजरने के लिए जारी किए जाते है जिसमें आम जनमानस को लाभ मिलेपरंतु प्राइवेट बस संचालकों की मनमानी के चलते यह स्थिति पिछले कई महीनों से निर्मित है और इस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी व परिवहन विभाग के अधिकारी अनजान बने हुए है धरमपुरा निवासी दिव्यांग प्रकाश कोल ने बताया की कटनी खरीदी करके गोसलपुर बायपास आए उन्हें बस चालक ने बायपास में उतार दिया उसके बाद ऐसी स्थिति में वहां से अपना दुकान का सामान आटो मे ले जाना पड़ा।

### *वसूल रहे किराया

गोसलपुर से महानगरों की ओर आवागमन करने वाले छात्र-छात्राएं व्यापारी किसानों ने बताया की प्राइवेट बस संचालकों द्वारा परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित किराया से अधिक किराया वसूला जा रहा है अधिक किराया न देने पर सवारियों से प्राइवेट बस के चालक परिचालको द्वारा बदसलूकी भी की जाती है।

### ब्रेकर बन रहे बाधा

वही बस संचालकों का कहना है की हाल ही में पुलिस थाना गोसलपुर से जुझारी तक यानी पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग पर डामरीकरण किया गया था उस समय कछपुरा गांव के बाशिंदों की मांग पर सड़क बनाने वाले ठेकेदार द्वारा कछपुरा से जुझारी के बीच लगभग डेढ़ दर्जन स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं जिस कारण प्राइवेट बस चालकों का समय बर्बाद हो रहा है एवं वाहनों के कलपुर्जे टूटने फूटने के कारण इस सड़क पर चलने वाली सभी बसों ने यहां से आना जाना बंद कर दिया है लोगों ने इस दिशा में सिहोरा एसडीएम से ध्यान देने की मांग की है।

### *इनका कहना है

मुझे आपसे उक्त समस्या के संबंध में जानकारी मिली है प्राइवेट बस संचालकों को दफ्तर बुलाकर नोटिस जारी करूंगा सवारी बसों को अंदर से ही जाने की हिदायत दी जावेगी नियमो को न मानने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

**जितेंद्र सिंह रघुवंशी**
**आरटीओ जबलपुर**

# रिश्वत लेने वाले पूर्व सहायक आपूर्ति अधिकारी को 4 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**नरसिंहपुर यशभारत।** रिश्वत लेने के मामले में पकड़े गये तत्कालीन सहायक आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर वीरेन्द्र प्रसाद शर्मा को न्यायालय, विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम नरसिंहपुर अखिलेश कुमार धाकड द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के आरोप में 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 रुपये के अर्थदंड तथा धारा 13(1) (2) के आरोप के लिये 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 2 फरवरी 2018 को फरियादी प्रशांत शर्मा ने पुलिस अधीक्षक विशेष स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया था कि गाडरवारा में उसकी शुभ इण्डेन के नाम से गैस की एजेंसी है। उसकी एजेंसी में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा त्रुटिवश एक ही व्यक्ति (उपभोक्ता) के नाम से दो बार एक ही माह में गैस की पर्ची काट दी गई थी जिसकी शिकायत उपभोक्ता द्वारा कलेक्टर कार्यालय, नरसिंहपुर में की गई थी। उक्त शिकायत की जांच सहायक आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर वीरेन्द्र प्रसाद शर्मा द्वारा की जा रही थी। वीरेन्द्र शर्मा, सहायक आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर द्वारा जांच सिद्ध कर, जांच प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर में प्रस्तुत किया गया था। आरोपी वीरेन्द्र शर्मा द्वारा उक्त जांच को कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर से निरस्त करवाने तथा कलेक्टर साहब से संतुष्टिध्सहमति पत्र दिलाये जाने एवं 15000 रुपये मासिक बंदी चाहने के एवज में फरियादी प्रशांत से 25000 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी। फरियादी की उक्त सूचना के आधार पर लोकायुक्त जबलपुर की टीम द्वारा आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ ट्रेप किया गयाए और रिश्वत राशि बरामद की गईए विवेचना की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक रामकुमार पटेल द्वारा की गयी। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये, जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी वीरेन्द्र प्रसाद शर्मा पिता शौखी लाल शर्मा, उम्र 57 वर्ष, तत्कालीन सहायक आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर, निवासी वार्ड क्रमांक 31 धवारी थाना सिटी कोतवाली जिला सतना मप्र को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के आरोप के तहत 4 वर्ष के सश्रम कारावास के दंड एवं 5000 रुपये के अर्थदंड से एवं धारा 13(1)(2) के आरोप के लिये 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

# समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द की खरीदी 31 जुलाई तक

**नरसिंहपुर यशभारत।** भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम वर्ष 2023 एवं विपणन वर्ष 2023– 24 में पंजीकृत किसानों से ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी 31 जुलाई 2023 तक की जायेगी। खरीदी 12 जून से शुरू की गई है। समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द का उपार्जन करने के लिए जिले में गोदाम स्तरीय 35 खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। इन उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं के सत्यापन एवं पर्यवेक्षण के लिए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने खरीदी केन्द्रवार 35 नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

इस सिलसिले में तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत अमलतास एंड कम्पनी वेयर हाऊस रम्पुरा, हरसिद्ध वेयर हाऊस बिलहरा, श्री राधाबल्लभ वेयर हाऊस ऊमरपानी, श्री भूमि वेयर हाऊस डोभी ईश्वरपुर व हरिओम वेयर हाऊस तेंदूखेड़ा, गोटेगांव तहसील के अंतर्गत जय मारुति वेयर हाऊस सर्रा, मां नर्मदा वेयर हाऊस रहली, जय श्री वेयर हाऊस लाठगांव, मां नर्मदा वेयर हाऊस बगासपुर, शिव शक्ति एग्रो वेयर हाऊस पिंडरई गोहचर, ओम वेयर हाऊस बौछार, अन्नपूर्णा वेयर हाऊस श्रीनगर, बुद्धेश्वर वेयर हाऊस सेहरा बढ़ैयाखेड़ा व हरिओम वेयर हाऊस गर्रा रोड, गाडरवारा तहसील के अंतर्गत सुविधा वेयर हाऊस सांईखेड़ा रोड, आयरा वेयर हाऊस सांईखेड़ा रोड, अंजली वेयर हाऊस नांदनेर, स्वर्णपरी वेयर हाऊस सालीचौका, पूर्णिमा वेयर हाऊस रहमा अमाड़ा, मलपानी वेयर हाऊस गुर्जरझिरिया, नायक वेयर हाऊस लिंगा बरमान रोड, गर्वित वेयर हाऊस खमरिया, स्वामी वेयर हाऊस गाडरवारा, देव वेयर हाऊस कनवास, ऋषभ वेयर हाऊस गाडरवारा, नूर वेयर हाऊस गाडरवारा, मां रेवा वेयर हाऊस मिढवानी देवरी, जैन वेयर हाऊस अंजसरा व राधारमण वेयर हाऊस कौड़िया, करेली तहसील के अंतर्गत सीडब्ल्यूसी कठौतिया व एसडब्ल्यूसी करेली बस्ती और नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत सीडब्ल्यूसी नरसिंहपुर, अयान वेयर हाऊस भैंसा, सिंधु वेयर हाऊस धमना व अंश वेयर हाऊस तिंदनी में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री बाफना ने गठित दल के अधिकारी कर्मचारी को सौंपे गये उपार्जन केन्द्र पर भौतिक एवं मानव संसाधन होने की पुष्टि से उप संचालक कृषि के माध्यम से प्रतिवेदित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उपार्जन केन्द्र पर सम्पूर्ण व्यवस्था पर निगरानी रखेंगे। उपार्जन केन्द्र पर आने वाली उपज की गुणवत्ता का सतत पर्यवेक्षण करेंगे। उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है, तो अपने स्तर पर निराकरण करेंगे। यदि संभव न हो तो उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित एवं जिला विपणन अधिकारी नरसिंहपुर को सूचित करेंगे।

# कोहली के साथ बुरा बर्ताव!

## रोहित की कप्तानी में चयनकर्ताओं का यू टर्न



**मुंबई, एजेंसी।** चयनकर्ता व्हाइट बॉल क्रिकेट में स्प्लिट कैप्टेंसी के पक्ष में नहीं है...ये शब्द बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने उस समय कहे थे जब रोहित शर्मा को वनडे क्रिकेट की कमान सौंपी गई थी। 16 सितंबर 2021 को विराट कोहली ने टी20 कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। सोशल मीडिया पर एकी पोस्ट शेयर कर कोहली ने बताया था कि वह वर्कलोड मैनेज करने के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद इस फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ देंगे। इसके लिए उन्होंने उस समय के कोच रवि शास्त्री समेत रोहित शर्मा, जय शाह और सौरव गांगुली से भी बात की थी। कोहली वनडे और टेस्ट की कप्तानी करना चाहते थे, मगर चयनकर्ता उस समय स्प्लिट कैप्टेंसी के पक्ष में नहीं थे, जिसके बाद उन्होंने कोहली को वनडे कैप्टेंसी के बर्खास्त कर रोहित को व्हाइट बॉल क्रिकेट की जिम्मेदारी सौंपी। मगर अब रोहित शर्मा के कार्यकाल में चयनकर्ताओं ने अपने ही फैसले से यू टर्न ले लिया है और अब टीम इंडिया में काफी समय से स्प्लिट कैप्टेंसी की नीति अपनाई जा रही है।

### टी20 वर्ल्ड कप 2022 के पहले से जारी है स्प्लिट कैप्टेंसी

टी20 वर्ल्ड कप 2022 में टीम इंडिया को सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। इस टूर्नामेंट के बाद हार्दिक पांड्या को स्टैंडबाय कैप्टन के रूप में टी20 टीम की कमान सौंपी गई। हार्दिक उस समय समय से लगातार टी20 टीम की अगुवाई कर रहे हैं, वहीं रोहित शर्मा वनडे टीम संभाल रहे हैं। बीसीसीआई ने अभी तक रोहित शर्मा के टी20 फॉर्मेट में फ्यूचर से पर्दा नहीं उठाया है, मगर अब 8 महीने का समय हो चला है कि रोहित शर्मा ने भारत के लिए कोई टी20 मैच नहीं खेला है। ऐसे में इसे स्प्लिट कैप्टेंसी नहीं कहें तो क्या कहें? अगर यह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए हो रहा है तो विराट कोहली के साथ इतना बुरा बर्ताव क्यों किया गया? क्या उस समय रोहित को टी20 की कप्तानी सौंप नई टीम नहीं बनाई जा सकती थी?

इन सवालों के बीच अब आप यह कहेंगे कि कोहली के समय चयनकर्ता अगल थे और अब के समय में स्थिति कुछ और हैं। तो आपकी जानकारी के लिए बता दें, आयरलैंड दौरे पर जब हार्दिक पांड्या को पहली बार टी20 टीम की कमान सौंपी गई तो उस समय चीफ सिलेक्टर चेतन शर्मा ही थे। 2022 टी20 वर्ल्ड कप के बाद चयन समीति में जरूर बदलाव हुआ, मगर चीफ सिलेक्टर चेतन शर्मा ही रहे। वहीं नई चयन समीति के अंतर्गत भी हार्दिक पांड्या ने न्यूड वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ टी2 सीरीज में कप्तानी की।

अब मुख्य चयनकर्ता जरूर अजीत अगरकर बन गए हैं, मगर टीम अभी भी उसी फॉर्मुला के आधार पर चल रही है। वनडे वर्ल्ड कप और खिलाड़ियों के वर्कलोड को देखते हुए 50 ओवर फॉर्मेट में टीम की अगुवाई रोहित शर्मा तो टी20 की हार्दिक पांड्या कर रहे हैं। वहीं पिछले साल जब टी20 वर्ल्ड कप था तो शिखर धवन वनडे के तो रोहित शर्मा टी20 के कप्तान थे। अगर वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते रोहित शर्मा की कप्तानी में चयनकर्ता ऐसा कर सकते हैं तो सवाल बस यही उठता है कि विराट कोहली के साथ उन्होंने ऐसा बर्ताव क्यों किया?




# दुनिया के सबसे बड़े फिनिशर हैं माही

एमएस धोनी आज 42 साल के हो गए हैं। उन्होंने टीम इंडिया और सीएसके के लिए कई मैच जिताऊ पारियां खेली है। आइए आज उनके टॉप 5 मैच फिनिश पर एक नजर डालें।मुंबई ईएमएस। एमएस धोनी, एक ऐसा नाम जिसने भारतीय क्रिकेट के रूप को पूरी तरह से बदल कर रख दिया। सालों तक एक आईसीसी ट्रॉफी के लिए तरसती टीम इंडिया ने एमएस धोनी की कप्तानी में सात सालों के अंदर तीन आईसीसी खिताब जीते थे। भारतीय क्रिकेट ने माही के दौर में अपने सबसे सुनहरे पल को जिया था। एमएस धोनी एक शानदार कप्तान और लीडर होने के साथ-साथ एक शानदार खिलाड़ी भी हैं। बतौर खिलाड़ी भी एमएस धोनी ने कई बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं। आज भी कई ऐसे रिकॉर्ड हैं जिन्हें तोड़ना तो दूर कोई खिलाड़ी उन रिकॉर्ड के पास तक नहीं पहुंच सका है। एमएस धोनी भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बतौर फिनिशर जानें जाते हैं। एमएस धोनी आज 42 साल के हो गए। आइए इस अवसर पर उनके टॉप 5 फिनिश पर नजर डालें।

### भारत बनाम श्रीलंका - साल 2011 वर्ल्ड कप फाइनल

एमएस धोनी के टॉप फिनिश को याद किया जाए और साल 2011 के वर्ल्ड कप फाइनल में उनके द्वारा खेली गई पारी का जिक्र न हो ऐसा नहीं हो सकता। धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने साल 2011 में 28 सालों के बाद वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। वर्ल्ड कप के फाइनल में एमएस धोनी की पारी को आज भी लोग भुला नहीं सके हैं। टीम इंडिया फाइनल मुकाबले में जीत से काफी दूर थी, तब एमएस धोनी क्रीज पर आए और 79 गेंदों पर 91 रन बनाकर टीम इंडिया को वर्ल्ड कप का खिताब जिताया।

### भारत बनाम पाकिस्तान - साल 2012

भारत और पाकिस्तान के बीच साल 2012 में आखिरी बार वनडे सीरीज खेली गई थी। इस सीरीज के एक मैच में टीम इंडिया पहले बल्लेबाजी करते हुए काफी दिक्कतों का सामना कर रही थी। भारत ने सिर्फ 29 रनों के स्कोर पर अपने 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से एमएस धोनी ने टीम इंडिया की पारी को संभाला और 125 गेंदों पर 113 रन बनाकर टीम इंडिया को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इस मैच में उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए थे। हालांकि टीम इंडिया यह मैच हार गई थी, लेकिन एमएस धोनी की पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

### भारत बनाम श्रीलंका - साल 2013 टाई सीरीज फाइनल

भारत, श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच साल 2013 में टाई सीरीज खेली गई थी। इस सीरीज का आयोजन वेस्टइंडीज में किया था, जहां टीम इंडिया और श्रीलंका के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया था। इस मैच में भारत को जीत के लिए 50 ओवर में सिर्फ 202 रनों की जरूरत थी। लेकिन टीम इंडिया ने स्कोर के करीब पहुंचते हुए 167 रन पर अपने 8 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन एमएस धोनी एक छोर से डटकर बल्लेबाजी कर रहे थे। भारत को अंतिम ओवर में जीत के लिए 15 रनों की जरूरत थी और भारत के 9 विकेट गिर चुके थे। एमएस धोनी ने श्रीलंकाई गेंदबाज शमिंडा एरंगा को 50वें ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाकर मैच को अपने नाम कर लिया। इस मैच में उन्होंने 52 गेंदों पर 45 रनों की नाबाद पारी खेली थी।

### चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर - साल 2018

साल 2018 वो साल जब एमएस धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) दो साल के बैन के बाद आईपीएल में वापसी कर रही थी। इस साल सीएसके और आरसीबी के बीच खेले गए एक लीग मैच में एमएस धोनी ने शानदार बल्लेबाजी की थी। सीएसके को इस मैच में जीत के लिए 206 रनों का लक्ष्य दिया गया था। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके ने 74 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। वहां से एमएस धोनी ने सिर्फ 34 गेंदों पर 70 रनों की नाबाद पारी खेल सीएसके को मैच जिताया था। इस दौरान उन्होंने 1 चौका और 7 लंबे छक्के जड़े थे।

### चेन्नई सुपर किंग्स बनाम किंग्स इलेवन पंजाब - साल 2010

आईपीएल 2010 में सीएसके और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच धर्मशाला में खेले गए लीग मुकाबले के एक मैच में सीएसके को जीत के लिए 193 रनों की जरूरत थी। टीम इस ने इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 89 रनों पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से मैच को बनाते हुए एमएस धोनी ने एस बद्रिनाथ और एल्बी मॉर्केल के साथ साझेदारी करते हुए सीएसके को अंतिम ओवर में मैच जिताया था। इस मैच में एमएस धोनी ने 29 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 54 रन बनाए थे। उन्हें इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था।

# पाकिस्तान क्रिकेट को बड़ा झटका, टीम के मालिक ने किया सुसाइड

पाकिस्तान क्रिकेट में शोक की लहर है। पीएसएल की एक टीम के मालिक में अपने घर का सुसाइड कर अपनी जान ले ली है।

### पाकिस्तान क्रिकेटर और पीएसएल की ट्रॉफी

पाकिस्तान क्रिकेट को गुरुवार, 6 जुलाई तब एक बड़ा झटका लगा जब वहां की पुलिस ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि पीएसएल की एक टीम के मालिक ने अपने आवास पर आत्महत्या कर ली है। आपको बता दे कि पीएसएल की टीम मुल्तान सुल्तांस के मालिक आलमगीर तरीन ने 63 साल की उम्र में सुसाइड कर लिया। तरीन लाहौर में अपने घर पर मृत पाए गए। इस बात की जानकारी फ्रैंचाइज़ी ने ट्विटर पर एक बयान के साथ दी है। इस खबर के सामने आते ही फैंस और क्रिकेट प्रेमियों में शोक की लहर है।

खेलों से था प्यार

मुल्तान फ्रेंचाइजी ने लिखा कि यह बेहद दुख के साथ है कि हम अपने प्रिय टीम के मालिक आलमगीर खान तरीन के निधन की खबर साझा कर रहे हैं। हमारे विचार और प्रार्थनाएं तरीन के




परिवार के साथ हैं। हम आप सभी से उनके परिवार की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करते हैं। उनकी आत्मा को शाश्वत शांति मिले। मुल्तान सुल्तांस की वेबसाइट पर मिली जानकारी के अनुसार तरीन एक खेल प्रेमी इंसान थे, जो खिलाड़ियों और महिलाओं के लिए एक ठोस मंच बनाना चाहते थे। जहां पर वे अपने कौशल को और भी विकसित कर सके। वह उस दिशा में काफी काम करना चाहते थे।

### जानें कौन थे आलमगीर तरीन

तरीन ने 2018 में अपने भतीजे अली खान तरीन के साथ फ्रेंचाइजी खरीदी थी। तरीन परिवार दक्षिण पंजाब क्षेत्र से है, जिसकी राजधानी मुल्तान है। तरीन के भतीजे अली खान प्रभावशाली पाकिस्तानी व्यवसायी और राजनीतिज्ञ जहांगीर तरीन के बेटे हैं। तारेन पाकिस्तान में एक बड़े जल शोधन संयंत्र का संचालन करते थे और दक्षिण पंजाब क्षेत्र में एक प्रभावशाली व्यक्ति रहे हैं। आलमगीर तरीन, जिन्होंने अमेरिका में पढ़ाई की थी, अमेरिकी खेल फ्रेंचाइजी और उनके संचालन से अत्यधिक प्रभावित थे और उन्होंने इसे मुल्तान में लाने की कोशिश की। 2021 में मुल्तान सुल्तांस द्वारा पीएसएल खिताब जीतने के बाद, उन्होंने अली खान के शेयर खरीदे और फ्रेंचाइजी के एकमात्र मालिक बन गए।

सुल्तांस शायद टूर्नामेंट में सबसे लगातार टीम रही है, जिसने पिछले तीन सीजन में से प्रत्येक में फाइनल खेला है और 2021 सीजन जीता है। कप्तान के रूप में मोहम्मद रिजवान के अलावा, सुल्तांस ने टूर्नामेंट में टिम डेविड, कीरोन पोलार्ड और डेविड मिलर जैसे कुछ सर्वश्रेष्ठ विदेशी खिलाड़ियों को भी अपने साथ शामिल कर रखा है, जो युवाओं के उत्साह को बढ़ाते हैं। शानावाज दहानी और इहसानुल्लाह इस टीम की गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई कर रहे हैं।

# हर रोज नए रिकॉर्ड बना रहे स्टीव स्मिथ

**ईएमएस।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले दो मुकाबलों में मिली जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम 2-0 से आगे है। इस वक्त दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच को जीत ऑस्ट्रेलियाई टीम की निगाहें सीरीज अपने नाम करने पर है। आपको बता दें कि यह मैच स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का 100वां टेस्ट मैच है। स्मिथ आए दिन टेस्ट क्रिकेट में कुछ न कुछ बड़ा कारनामा कर रहे हैं। अपने 100वें टेस्ट मैच पर भी उन्होंने एक रिकॉर्ड बनाया और पूर्व ऑस्ट्रेलिया दिग्गज एलन बॉर्डर को पछाड़ दिया।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे तीसरे एशेज टेस्ट मैच में स्टीव स्मिथ ने एक बड़ा कारनामा किया है। हालांकि इस मैच की पहली पारी में वह सिर्फ 22 रन ही बना सके, लेकिन वह एलन बॉर्डर को पछाड़ते हुए एशेज टेस्ट मैचों के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। स्मिथ के नाम 61 पारियों में 3232 रन हो गए हैं। वहीं एलन बॉर्डर इस लिस्ट में 73 पारियों में

## रंग संसार

# Malaika Arora पर आई बड़ी मुश्किल! पिता की हालत नाजुक



### मां को सहारा देती दिखीं एक्ट्रेस

मुंबई, इएमएस। मलाइका अरोड़ा इन दिनों मुश्किल समय से जूझ रही हैं। उनके पिता अस्पताल में भर्ती हैं। मलाइका और उनकी मां अस्पताल के बाहर स्पॉट हुई हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस और सुपरस्टार मलाइका अरोड़ा इन दिनों मुश्किल हालातों का सामना कर रही हैं। उनके पिता की सेहत खराब है और उनकी हालत नासाज है। जी हां! फिल्म स्टार मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा इस वक्त अस्पताल में भर्ती हैं। बीते दिन मलाइका मुंबई स्थित एक अस्पताल के बाहर स्पॉट हुई। इस दौरान वह अपनी मां जोयेस पॉलीक्रैप को संभालती नजर आईं। जो वीडियो सामने आया है उसमें मलाइका और उनकी मां काफी परेशान नजर आ रही हैं।

### मां का हाथ थामें दिखी मलाइका

आपको बता दें कि वीडियो में अदाकारा मलाइका अरोड़ा अपनी मां जोयेस पॉलीक्रैप का हाथ थामें चलती हुई नजर आ रही हैं। दोनों अस्पताल के बाहर काफी थकी हुई दिख रही हैं। इस वीडियो को सेलेब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने शेयर किया है। मलाइका का अपनी मां को संभालते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। देखिए ये वीडियो...

### मुश्किलों में बीता मलाइका का बचपन

गौरतलब है कि अदाकारा मलाइका अरोड़ा के माता-पिता भी कई साल पहले ही तलाक ले चुके हैं। मलाइका ने अपने तलाके बाद एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की थी। उन्होंने बताया था कि जब वह 11 साल की थीं उस समय उनके माता पिता अलग हो गए थे। उनका तलाक हो गया था। अदाकारा ने बताया कि उनकी बहन अमृता अरोड़ा उस वक्त महज 6 साल की थीं। इसलिए उनका बचपन काफी मुश्किलों में बीता है।

# सनी देओल नहीं ये शख्स था 'Gadar' का असल तारा सिंह, कभी पूरी नहीं हो सकी प्रेम कहानी

**मुंबई ईएमएस। गदर- एक प्रेम कथा एक रियल लाइफ स्टोरी से इंस्पायर्ड है। सनी देओल और अमीषा ने दो असल लोगों का किरदार फिल्म में निभाया है, जिस शख्स पर ये फिल्म आधारित है उनका नाम है बूटा सिंह।**

गदर- एक प्रेम कथा को रिलीज हुए भले ही 22 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी ये फिल्म लोगों की आंखों में आंसू ला देती है। गदर री-रिलीज के बाद सिनेमाघरों में धमाल मचा दी। हाल ही में तारा सिंह और सकीना की आगे की कहानी गदर 2 के टीजर में नजर आई। अब गदर 2के फैंस से और इंतजार नहीं हो रहा है। इसी बीच एक बार फिर सरदार बूटा सिंह चर्चा में आ गए हैं। फैंस जानना चाहते हैं कि आखिर कौन हैं बूटा सिंह, जिनके ऊपर फिल्म गदर फिल्माई कई है? बूटा सिंह की कहानी काफी दर्दनाक और इंस्पायरिंग है।



### असल शख्स की कहानी पर बेस्ड है गदर



वैसे क्या आप जानते हैं कि गदर-एक प्रेम कथा एक असल शख्स की कहानी से इंस्पायर्ड थी। ये फिल्म एक सच्चाई प्रेम कहानी को दिखाती है। आज हम आपको उस बूटा सिंह के बारे में बताएंगे, जिसने हिंदुस्तान से लेकर पाकिस्तान तक को अपने प्यार की ताकत से हिला दिया था। फिल्म में दिखाया गया सरदार का किरदार, जिसे सनी देओल ने निभाया वो बूटा सिंह की लाइफ से इंस्पायर्ड था। वहीं अमीषा ने जिस मुस्लिम लड़की का किरदार निभाया वो जैनब नमा की लड़की से इंस्पायर्ड था।

### ब्रिटिश सेना में सिपाही थे बूटा सिंह

दरअसल, बूटा सिंह ब्रिटिश सेना में सिपाही थे। 1947 के बंटवारे के वक्त जब दंगे भड़के तो जैनब नाम की लड़की फंस गई थी, जिसकी बूटा सिंह ने जान बचाई थी। बूटा सिंह ने इस लड़की को सहारा दिया और बाद में दोनों को प्यार हुआ और शादी कर ली। दोनों को एक बेटी भी हुई, लेकिन काफी अच्छा वक्त बिताने के बाद दोनों को अलग होना पड़ा। काफी वक्त बाद बूटा सिंह ने जैनब को उनके परिवार से मिलने पाकिस्तान जाने दिया, लेकिन उन्हें इस बात का जरा भी अहसास न था कि वहां से उनकी वापसी नहीं हो पाएगी। जैनब के घर वालों ने उनकी शादी तुड़वाकर चचेरे भाई से करा दी। ये सब पारिवारिक दबाव में हुआ।

### बूटा को नहीं मिला उनका प्यार

बूटा सिंह गैरकानूनी तरीके से पाकिस्तान पहुंच गए। उनके पाकिस्तान पहुंचने के बाद भी उनका जैनब से कई संपर्क नहीं हो सका। इसी बीच बूटा सिंह को पकड़ लिया गया। उनपर गैरकानूनी तरीके से पाकिस्तान में घुसने का आरोप लगा। कोर्ट में जब उनकी पेशी हुई तो उन्होंने नम आंखों के साथ बताया कि उनकी पत्नी और बेटी भी हैं। कोर्ट में जैनब ने शादी की बात से इंकार कर दिया। जैनब की बात सुनकर वो बुरी तरह टूट गए। इसके बाद बूटा ने 1957 में ट्रेन के आगे बेटी के साथ कूदकर जान देने का प्रयास किया, जिसमें उनकी जान चली गई, लेकिन बेटी बच गई। बूटा की इच्छा थी कि उन्हें पत्नी के गांव नूरपुर में दफनाया जाए, इसकी अनुमति नहीं मिली, जिसके बाद मिआनी साहिब में उन्हें दफनाया गया। ये जगह अब युवा प्रेमियों के लिए तीर्थस्थल है।

### बनीं है कई और फिल्में

गदर की कहानी इससे थोड़ा अलग है। बूटा सिंह की कहानी पर कई और फिल्में भी बनीं, जिसमें 2007 की कनाडाई फ़िल्म, 'पार्टिशन' और 2004 की बॉलीवुड फिल्म 'वीर ज़ारा' भी शामिल हैं। इसके अलावा उनकी कहानी पर एक नॉवल भी लिखी गई है, जिसका नाम 'मुहब्बत' है। इसे इशरत रहमानी ने लिखा है।

### गदर फिल्म की कहानी

गदर की बात करें तो यह फिल्म भारत पाकिस्तान बंटवारे और हिंदुस्तान की आजादी से समय की कहानी है। जिसमें दो अलग-अलग धर्म के पति-पत्नी तारा सिंह और सकीना बंटवारे में जुदा हो जाते हैं। जिसके बाद तारा सिंह अपने बेटे को लेकर पाकिस्तान अपनी पत्नी को लेने जाता है और मोहब्बत की ताकत से पूरे पाकिस्तान को हिला डालता है। फिल्म मेकर्स ने %गदर 2% की रिलीज से पहले फैंस को %गदर% दिखाकर ये पूरी कहानी दोबारा याद दिला दी है, ताकि वो आगे की कहानी से रिलेट कर सकें।

# Anupamaa की बेटी छोटी के सामने आएगा काला सच, दिखेगा मालती का रौद्र रूप

**मुंबई, ईएमएस।** अनुपमा के आने वाले एपिसोड में मालती देवी का रौद्र रूप देखने को मिलेगा। वहीं अनुपमा की बेटी छोटी के सामने एक बड़ा राज खुलने वाला है? जिसका गहरा असर उस पर देखने को मिलेगा। %अनुपमा% बीते कई सालों से टीआरपी लिस्ट में नंबर वन पर रहने के साथ ही फैंस का सबसे पसंदीदा शो बना हुआ है। घर-घर में ये शो देखा जाता है। हर दिन फैंस को नए ट्विस्ट का इंतजार रहता है। फैंस अनुपमा और अनुज को हमेशा खुश और साथ देखने के लिए बेचैन रहते हैं। इन दिनों शो में एक के बाद एक कई धमाकेदार ट्विस्ट आ रहे हैं। माया का सफर हमेसा के लिए शो से खत्म हो गया। माया की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसका असर अनुपमा की जिंदगी पर पड़ता नजर आने वाला है। कहा जा रहा है कि वो इस हादसे की वजह से अमेरिका नहीं जा पाएगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों की वजह से एक बार फिर उसका सपना अधूरा ही रह जाएगा। आने वाले एपिसोड की एक झलक ट्विटर पर तेजी से वायरल हो रही है। सामने आए वीडियो में दिखाया जा रहा है कि अनुपमा नींद में है और उसकी आंख लग जाती है। वो नींद में अजीब-अजीब चीजे सोचती है। उसे माया की मौत और छोटी से जुड़े ख्याल आते हैं। इसके बाद ही अगल सीन शुरू होता है, जिसमें दिखाया जाता है कि बरखा कहती है कि अनुपमा क्यों गिल्टी फील कर रही है। वो ऐसे क्यों कर रही है, जैसे माया की जान उसने ली है। इसके जवाब में अनुज उसे कहता है कि वो नहीं चाहता कि उसकी बेटी के सामने ऐसी कोई बात कही जाए और इसका उस पर कोई गलत असर पड़े।






# मेडिकल में होता है सबसे बेहतर इलाज : डॉ गुइन

**जबलपुर ,यशभारत। मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई ऑर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा हो या फिर सर्व सुविधा युक्त कैंसर इंस्टिट्यूट की बात हो या फिर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की सुरक्षा हुआ एंबुलेंस सिंडिकेट का विषय हो, सभी बिंदुओं पर प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में मेडिकल कॉलेज की डीन डॉक्टर गीता गुइन द्वारा खुलकर चर्चा की गई।**




वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

यू-टयूब की खबरें देखने के लिए स्केन करें क्यूआर कोड

जिसमें यश भारत संचालक आशीष शुक्ला द्वारा चिकित्सा व शिक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदु उठाए। जिसका डॉक्टर गुइन ने बेबाकी से जवाब दिया। जिसे आप यश भारत न्यूज़ चैनल व यश भारत के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तार से देख सकते हैं।

### नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है

कार्यक्रम संचालक आशीष शुक्ला द्वारा चर्चा की शुरुआत डॉ गुइन से इस सवाल के साथ की गई कि वह मेडिकल कॉलेज अस्पताल को कहां देखना चाहती हैं ।जिसके जवाब में उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य एक ऐसे संस्थान का निर्माण करना है जो पूरे देश में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन संस्थान माना जाए। डॉ गुइन चिकित्सा क्षेत्र के साथ साथ प्रकृति और एडवेंचरस गतिविधियों का भी शौक रखती हैं और उसे वे अपने जीवन में भी आत्मसात भी करती है और फिर वैसे ही साहसिक लक्ष्य निर्धारित करती हैं।



प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में मेडिकल कालेज की डीन डॉक्टर गीता गुइन से चर्चा

### टीम मजबूत होना चाहिए,,,

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शुरू हुए किडनी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट के विषय में उन्होंने कहा कि सर्जन कितना भी अच्छा हो बिना टीम के अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं हो सकती। इसे ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए आधुनिक आईसीयू का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा सर्जन के साथ-साथ जो नर्सिंग स्टाफ एनेस्थीसिया एक्सपर्ट वह पैथोलॉजिस्ट इस काम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उनकी ट्रेनिंग पर पूरा जोर दिया जा रहा है क्योंकि एक मजबूत टीम के बिना सफल सर्जरी नहीं हो सकती है। यह सब तैयारी हो जाने के बाद जल्द ही अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट का काम भी शुरू किया जाएगा।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के इन सभी चैनलों में देखें प्रसारण**

| | |
|---|---|
| यूसीएन में | 81 |
| डिजियाना में | 91 |
| हैथवे में | 598 |

youtube- yashbharat .co.in

## शहर में मेडिकल कॉलेज से अच्छा इलाज कहीं भी नहीं है

### मेडिकल में सबसे अच्छी सुविधा

कमीशन के चक्कर में मेडिकल से निजी अस्पतालों में मरीज ले जाने वाले एंबुलेंस संचालकों के विषय में डॉक्टर गुइन ने स्पष्ट रूप से कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शहर की सबसे अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। लेकिन कुछ लोग मरीजों को बरगलाने का काम करते हैं। जिसको लेकर उन्होंने सख्त कदम उठाए हुए हैं और कई एंबुलेंस संचालकों पर कार्रवाई भी की है । उन्होंने कहा कि मरीजों को ये बात समझना चाहिए कि उन्हें यहां सबसे अच्छा और समुचित उपचार मिलेगा और यदि कोई उन्हें इस तरह का प्रलोभन देता है तो उन्हें तत्काल ही विभागीय लोगों से संपर्क करना चाहिए ।इसके अलावा मेडिकल में दुरुस्त हो रहे सुविधाओं का श्रेय उन्होंने अपनी पूरी टीम को दिया। जिसके माध्यम से वे अपना काम कर पा रही हैं।




# दुकान और दो गोदाम सील

## करोड़ों के स्टॉक के साथ टैक्स चोरी के मिले साक्ष्य

**जबलपुर,यशभारत।** आगा चौक स्थित आनंद ग्लास एंड प्लाइवुड स्टोर्स और दो गोदामों को स्टेट जीएसटी की टीम ने सील कर दिया है। स्टेट जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो के असिस्टेंट कमिश्नर प्रकाश सिंह बघेल ने बताया कि छापेमार कार्रवाई के बाद जांच में दुकान के अंदर करोड़ों का स्टॉक मिला है जिसका मिलान कराया जा रहा है और साथ ही टैक्स चोरी के साक्ष्य मिले हैं। अब दुकान संचालक से सेल-परचेस की जानकारी जुटाई जा रही है। जानकारी के अनुसार कारोबारी के खिलाफ रिटर्न फाइल में टैक्स की अनियिमितताएं मिल रहीं थीं जिसके बाद उक्त छापा मारा गया था। यह जांच शुक्रवार सुबह भी जारी रही। जांच के दौरान सामने आया है कि प्रतिष्ठान के संचालक महेश कुमार, कमलेश द्वारा दिल्ली, राजकोट, पंजाब और हरियाणा से माल बुलवाते थे। विदित हो कि दो दिन पहले स्टेट जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की 20 सदस्यीय टीम ने आगा चौक स्थित आनंद ग्लास एंड प्लाइवुड स्टोर्स , गोदामों और प्रतिष्ठान के संचालक महेश कुमार, कमलेश कुमार और अरविंद सदानी ब्रदर्स के नेपियर टाउन, नागरथ चौक और विजय नगर स्थित घरों में छापामार कार्रवाई की थी। जिससे हड़कंप मच गया था।

**ग्लास कारोबारी के प्रतिष्ठान में जीएसटी की कार्रवाई जारी**

## प्रहलाद प्रदेश अध्यक्ष के रेस में सबसे आगे

# जल्द घोषित होगी भाजपा की नई टीम

जबलपुर, यशभारत। अगले एक दो दिन में मध्य प्रदेश भाजपा को नया मुखिया मिल जाएगा। पार्टी सूत्रों की मानें तो उपेक्षा के दर्द पर मरहम लगाने प्रदेश संगठन की कमान जबलपुर और महाकौशल को मिलने वाली है। प्रहलाद सिंह पटेल के जरिये भाजपा जबलपुर सहित पूरे महाकौशल को साधने की तैयारी कर रही है। ऐसी चर्चा है कि पीएम मोदी कैबिनेट बदलाव में प्रहलाद सिंह पटेल को केंद्र सरकार से मुक्त कर उन्हें मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी सौंप सकते हैं। हालांकि यह केवल अभी संभावना है। बीजेपी की किसी भी बड़े नेता ने अभी तक इस पर कुछ भी नहीं कहा है। गौरतलब है कि विगत माह भी प्रहलाद का नाम प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चा में आया था, जब उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाने की फर्जी खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। अब जब नये प्रदेश अध्यक्ष को लेकर कवायद अंतिम चरण में है, तब एक बार फिर प्रहलाद चर्चा में है। हालांकी रादुविवि छात्र संघ से सफर शुरु करने वाले प्रहलाद के लिये प्रदेश अध्यक्ष पद तक की राहें अब भी आसान नहीं हैं। उनके नरेन्द्र सिंह तोमर, वैसलाश विजय वर्गीय जैसे कई कद्दावार नेताओं को पार करते हुये इस पद तक पहुंचना होगा। जिस तरह से विभिन्न न्यूज चैनलों के प्री पोल सर्वे में कांग्रेस की बढ़त दिखाई जा रही है। वहीं महाकौशल में तो बीजेपी का सूपड़ा साफ जैसी स्थिति के दावे किये जा रहे हैं। इस सबके मद्देनजर बीजेपी चुनावी मैनेजमेंट में मध्य प्रदेश में कोई गलती नहीं करना चाह रही है। इसी के चलते प्रहलाद का नाम सबसे प्रदेश अध्यक्ष की दावेदारी में सबसे ऊपर है। वहीं गत दिवस राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से सिंधिया की मौजूदगी में हुई उनकी मुलाकात ने चर्चा का बाजार गर्म कर दिया है। माना जा रहा है इस हफ्ते भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा।



14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
9826035091 सभी मेडिकल स्टोर्स में उपलब्ध

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | MAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)
विद्यालय की विशेषताएं
● छात्र/छात्राओं के अध्ययन के लिए प्रोजेक्टर प्रत्येक कक्षा में, अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य।
● छात्र/छात्राओं के लिये भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान/आईपी कम्प्यूटर प्रयोग शाला, अटल टिंकरिंग लैब।
● छात्र/छात्राओं के लिये कक्षाओं की सुविधा
● विद्यालय द्वारा नेशनल स्तर तक जुडो के खिलाड़ी ने स्वर्ण प्राप्त किये।
● बोर्ड कक्षाओं का शत- प्रतिशत परीक्षाफल।
● खेलकूद में छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति सुविधा 10000/-, 8000/-6000/- प्रतिवर्ष
● अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों हेतु शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा।
प्रवेश प्रारंभ 2023-24
प्रातःपाली 7.30 से 12.00 पहली से 12वीं अंग्रेजी माध्यम
दोपहर पाली 12.20 से 5.10 6वीं से 12वीं हिन्दी माध्यम
संपर्क 9009505955,0761-4016415

स्पर्श वूमेन्स क्लीनिक
SPARSH WOMEN'S CLINIC
डॉ. स्नेहा टी. मेठवानी
M.B.B.S., D.G.O.
Ex-consultant (Surya Hospital- Mumbai)
वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ
• दर्द रहित प्रसव, हाईरिस्क प्रेगनेन्सी, बांझपन का इलाज, बार-बार गर्भपात होना, दूरबीन द्वारा ऑपरेशन।
• महिलाओं एवं किशोरियों को टीके लगाने की सुविधा उपलब्ध।
• सभी प्रकार के स्त्रीरोग निदान की सुविधा उपलब्ध।
जबलपुर हॉस्पिटल में भी उपलब्ध।
समय: प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक
M: 9329075441 9552424074
पता- शॉप नं. 13, राइट टाउन स्टेडियम मार्केट, गौमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर

A name of Quality Education
एडमीशन ओपन
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
अधारताल/गोहलपुर जबलपुर
English & Hindi Medium
▸ 10th/12th में परसेंट बढ़ाने CBSE/ICSE से एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
▸ सीधे 10वीं 12वीं प्राईवेट/रेगुलर फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध।
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखायें इसलिए हम बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत रिजल्ट देते हैं।
हॉस्टल एवं बस सुविधा उपलब्ध
ऑफिस- 8 से 4 बजे तक
Mrs. Sonal Tiwari (Principal)
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास अधारताल, मो. 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक जबलपुर मो. 9111009016, 0761-4111321

29 YEARS OF EXPERT HEALTHCARE
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
29 साल के भरोसे के साथ पाये
पेट और लिवर
का विश्वसनीय एवं सम्पूर्ण इलाज
www.shalby.org
+91 95758 01200
शैल्बी हॉस्पिटल, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर

Health & Home Care Services
We Care Like Family
Quality Care You Can Trust in reasonable charges without any Commissions.
One stop solution for All types of health & home care needs by professional & proficient service
Our Services:
• Elderly Care - Bed Bath, Medication Reminder, Feeding assistance etc.
• Patient Care - Daily assistance, Preventing falls and injuries,Bedridden patients care etc.
• Personal Care - Exercises, Yoga, Skin Care etc.
• Mother & Baby Care - Newborn care, Special ized care for low-birth-weight babies etc.
• Child Care - School Asst., Meal Preparations, learning activities etc. Household Help - Cooking, cleaning, pets care etc.
Contact Us - Mobile 7489313112, 9538930963
Email - jabalpurcareservices@gmail.com Website - https://www.health-homecares.com/eldercare

प्रवेश प्रारंभ सत्र-2023-24
नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
जे.डी.ए. स्कीम नं. 5/14, घड़ी चौक, विजयनगर, जबलपुर
B.A., B.Com, B.A. LL.B.
कॉलेज कोड- INS3294

नर्मदा शिक्षा महाविद्यालय
लक्ष्मीपुर, उखरी रोड, चेरीताल वार्ड, जबलपुर
B.Ed दो वर्षीय पाठ्यक्रम कॉलेज कोड 820
प्रधान कार्यालय
दीवान बहादुर वल्लभदास महल, हनुमानताल, जबलपुर
मो.-9399026633, 9425153263, 8319318269

75 वर्षों से आपका विश्वास (1948-2023)
मंदिर छाप छाता
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/5 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262, 2481362

AFFILIATED TO CBSE | ATAL LAB
GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
A Residential & Day Boarding School
ADMISSION OPEN
NURSERY TO CLASS 12TH
SEPARATE HOSTEL FACILITY FOR BOYS & GIRLS
FREE ADMISSION FOR ALL
Exclusive coaching facility for NEET / IIT /JEE MAINS / OLYMPIAD in class 9th to 12th.
SCAN THIS QR FOR MORE INFORMATION
Contact Us: +91-9300119919, +91-9300154300
KARMETA, PATAN ROAD, JABALPUR (M.P.)

De tal House
दाँत का दवाखाना
6th वर्षगांठ के अवसर पर लायें है आपके लिए
महाशिविर
7 जुलाई से 15 जुलाई 2023
डॉ. रोमिल सिंघई
Dental Surgeon, Implantologist
Director Dental House
FREE
डेंटल इंप्लांट (फिक्सड बत्तीसी) सर्जिकल चार्ज
परामर्श इंप्लांट एवं ब्रेसेस के लिए
OPG / X-RAY CBCT
विशेष छूट डेंटल ब्रेसिस एवं इम्पलांट के ट्रीटमेंट पर
तत्काल रेजिस्ट्रेशन कराएं - 7987527808
डेंटल हाउस दाँत का दवाखाना
ब्रांच 1: हनुमान जी मंदिर के सामने, गेट नं.2, रानीताल, जबलपुर (म.प्र.)
ब्रांच 2: महालक्ष्मी मंदिर के बाजू में गोकलपुर रांझी, जबलपुर (म.प्र.)
TIME: 11.00 AM - 7.00 PM SUNDAY OPEN
मान्यता प्राप्त CGHS | CSMA

AMOI THAI SPA
(ALL TYPES OF BODY MASSAGES)
CONTACT- 0761-4106211(M.) 9893051927
ADD- 2ND FLOOR, OPSSITE SAMDARIYA INN HOTAL , JAIN TOWER RASSEL CHOWK, NAPIER TOWN JBP (MP)

Since - 1992
ADMISSION OPEN
हिन्द ITI
AFFILIATED BY DGT & NCVT (GOVT. OF INDIA)
ELECTRICIAN 2 Year Engg. Trade
Traning With Placement
★ Study With Practical
★ Scholarship Facilities
★ Free Computer Traning Education
★ Free Industrial / Educational Visit
★ Special Career Guidence / Job Placement
N.H. 7 MANSAKRA NAKA, SIHORA, JABALPUR (M.P)
Contact - 9425162863, 9424659053, 8770570620, 8770094210

केला चिप्स
AK's
चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
रोस्टेड चना | रोस्टेड पी नट | नमकीन | चिक्की | ड्राई फ्रूट

ACST
Academy of Computer Science & Technology
माखनलाल चतुर्वेदी रा.प.सं. विश्वविद्यालय
प्रदेश का अग्रणी संस्थान
SINCE 1996
PGDCA DCA BCA CPCT M.Sc.(CS) Tally
जुलाई 2023 सत्र में 40% तक की विशेष छूट
चौपाटी के पास, सिविक सेंटर, जबलपुर मो: 4007077, 9993030707

Trusted
हर रेंज में कूलर ही कूलर
G.S.ELECTRONIC
0% ब्याज पर फायनेंस उपलब्ध हैं।
गढ़ा क्षेत्र का विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक शोरूम
पता- संजीवनी नगर मोड़, कछपुरा ब्रिज, गढ़ा जबलपुर
9098983263, 9301372157

Admission Open
25 वर्षों से तकनीकी शिक्षा में अग्रसर शासन द्वारा पुरस्कृत / उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थान
Free Online Registration
Admission Fees 10,000/-
Affiliated By DGET & NCVT Govt. of India
इलेक्ट्रिशियन Two year Engg. Trade फिटर
छात्रवृत्ति सुविधा व प्रशिक्षण पश्चात रोजगार के सुअवसर
भारतीय ITI
भारतीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
चौरसिया होटल के सामने, शारदा चौक, मदन महल, जबलपुर (म.प्र.)
0761-6452380, 4003860, 9425162863, 9425150550

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )